52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 10.0 °c | अधिकतम 25.6 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:57 सूर्यास्त-5:20 | वर्ष : 52/ अंक : 333 | सोमवार, 02 दिसम्बर 2024 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

अमृतवाणी

आपकी प्रतिभा, आपको भगवान का दिया गया उपहार है, आप इसके साथ क्या करते हैं, यह आपके द्वारा भगवान को दिया गया उपहार होता है।

सरकार की टीम पर हमको विश्वास नहीं है, यह सरकार तो बेईमान है : शिवपाल यादव

अफसोस की बात ये है कि.... न आप टीम बदल सकते हैं... न सरकार.....

नई करेंसी पर ब्लैक का बाजार, न जाने क्या कर रही सरकार

▶ वैवाहिक सीजन में 10, 20, 50, के नोटों की गड्डियों पर 400 के ब्लैक पर धड़ल्ले से बिकी दिख रही है

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। इस देश में सैटिंग-गैटिंग का खेल ऐसा है, जिस पर अंकुश साफ सुथरी सरकार के 10-10 साल बैठने के बाद भी नहीं होता। आज 10 रुपये के नोट की गड्डियां एकाएक बैंकों से गायब हो चली हैं, मगर ये गड्डियां खुलेआम सर्राफा बाजार जैसे बाजारों में 1000 पर 400 रुपये अतिरिक्त देकर आसानी से प्राप्त की जा सकती हैं। और हार में सजने के बाद तो 10 के नोट की कीमत 20 रुपये तक पहुंच जाती है। ब्लैक का यह अंधा खेल बैंक की मार्फत ही होता है और इस खेल में कौन-कौन शामिल हैं, यह किसी को पता ही नहीं। यह तो तय है कि बैंकों के छोटे या बड़े कर्मचारी सब इसमें शामिल हैं। नाम चाहे छोटे कर्मचारी का बदनाम हो मगर बिना मैनेजर या बिना कैशियर की सहमति के एक नोट भी बाहर नहीं आ सकता और यह मारामारी अब सिर्फ दस के नोट पर ही नहीं रही, 20 के नोट की गड्डी जो बैंक वाले ऐसे ही दे देते थे, उस पर भी अब ब्लैक होने लगी है। विवाह के सीजन का लाभ उठाते हुए यह गड्डी भी 2200

या 2250 रुपये के आसपास मिलती है। ऐसा ही हाल 50 रुपये के नोटों की गड्डी का है। इस गड्डी की कीमत भी अब ब्लैक बाजार में 5300 रुपये की मिल रही है। यूं तो शादी के खर्च पहले से ही ज्यादा बढ़ चुके हैं। कहीं सोने के दाम पर महंगाई की मार, कहीं बैंकट हॉलों के महंगे दाम तो अब कहीं नई करेंसी भी उससे अछूती नहीं रही है। कहने को देश में ईमानदार सरकार है, मगर न जाने इन सब बातों पर सरकार की रोक क्यों नहीं है। अपने ही देश में अपनी ही करेंसी ब्लैक देकर लेनी पड़े तो इससे शर्मनाक बात और क्या होगी। पहले तो यह सुना जाता था कि किसी से विदेशी करेंसी डॉलर आदि लेने हों तो ब्लैक के साथ साथ दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, मगर पिछले कई वर्षों से इंडियन करेंसी के हालात भी बद से बदतर हो चले हैं। सर्राफा बाजार में कटे-फटे नोटों की दुकान चलाने के नाम पर अब कटे-फटे नोट देने लोग कम ही जाते हैं, उससे ज्यादा नए नोट लेने के लिए और उस पर खुशी-खुशी ब्लैक मनी देने के लिए लोग पहुंचते हैं। कुल मिलाकर आरबीआई के सख्त नियम होने के बावजूद भी विवाह के आयोजन करने वालों को मजबूरन दबी जुबां में चुपचाप ब्लैक में करेंसी लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

बांग्लादेशी अधिकारियों ने चौव्वन इस्कॉन सदस्यों भारत आने से रोका

ढाका, 1 दिसंबर (एजेंसी)। बांग्लादेश की आव्रजन पुलिस ने रविवार को बेनापोल सीमा पर दर्जनों इस्कॉन सदस्यों को भारत में प्रवेश करने से रोक दिया। इन सभी के पास वैध यात्रा दस्तावेज थे। लेकिन फिर भी उन्हें वापस भेज दिया गया। एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'द डेली स्टार' अखबार ने बेनापोल आव्रजन पुलिस के अधिकारी इम्तियाज अहसानुल कादर भुइयां के हवाला से कहा, हमने पुलिस की विशेष शाखा से परामर्श किया और उच्च अधिकारियों से निर्देश मिला कि उन्हें अनुमति न दी जाए। भुइयां ने कहा, इस्कॉन सदस्यों के पास वैध पासपोर्ट और वीजा थे। लेकिन उनके पास यात्रा के लिए जरूरी विशेष सरकारी अनुमति नहीं थी। ऐसी अनुमति के बिना वे आगे नहीं जा सकते। विभिन्न जिलो से आए 54 इस्कॉन सदस्य शनिवार रात और रविवार सुबह सीमा चौकी पर पहुंचे थे। लेकिन घंटों इंतजार के बाद उन्हें बताया गया कि उनको यात्रा की अनुमति नहीं है। इस्कॉन सदस्यों में से एक सौरभ तपंदर चेली ने कहा, हम भारत में हो रहे धार्मिक समारोह में भाग लेने के लिए आए थे। लेकिन सीमा अधिकारियों ने हमें सरकारी अनुमति का हवाला देते हुए रोक दिया। यह घटनाक्रम उस समय आया है, जब बांग्लादेश में इस्कॉन की जांच की जा रही है।

यू-टर्न ले रहे कैंटर से बाइक सवारों की भिड़न्त, दो दोस्तों की मौत

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। रविवार को दिल्ली के थाने नरेला के मोरगढ़ के रहने वाले दो बाइक सवार हरिद्वार की ओर जा रहे थे। मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के निकट जड़ौदा कट पर यू-टर्न ले रहे कैंटर से बाइक सवारों की भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया।

आपको बता दें कि दिल्ली के थाना नरेला के मोरगढ़ में ई-ब्लॉक का निवासी आकाश व जनपद हरदोई के थाना सिहानी क्षेत्र के गांव कुल्हई निवासी विशाल व थाना अरवल हरदोई निवासी सुनील तीनों एक बाइक पर सवार होकर हरिद्वार जा रहे थे। जब वे मन्सूरपुर थाना क्षेत्र में रात्रि लगभग दो बजे जड़ौदा कट के पास पहुंचे तो वहां पर एक कैंटर बैक हो रहा था, जिसमें चालक मेहरबान निवासी चरथावल देहरादून से ट्रक में मशीन के स्पेयर पाटर्स भरकर गाजियाबाद ले जा रहा था। उक्त चालक जड़ौदा कट के निकट विपरीत दिशा में स्थित सीएनजी पम्प से सीएनजी भरवाने के बाद यू-टर्न ले रहा था, तभी उक्त बाइक चालक की कैंटर से भिड़ंत हो गई, जिसमें चालकों की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा मौके पर ही दो दोस्तों आकाश और विशाल की मौत हो गई, जबकि सुनील घायल हो गया। रात्रि में ही सूचना पर मन्सूरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया और आकाश व विशाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बाद में पता चला कि विशाल व सुनील दिल्ली के नरेला में जूता बनाने की कंपनी में नौकरी करते हैं, जबकि आकाश दिल्ली की एक प्राइवेट कंपनी में कार्यरत था। हादसे की जानकारी के बाद परिजन देर रात में ही मन्सूरपुर थाने पहुंचे और ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

सुपर चलेगी अम्बाला तक शालीमार एक्सप्रेस पटरी पर लौटी

मुजफ्फरनगर, 1 दिसंबर (बु.)। आज से ठंड के चलते रेलगाड़ियों के संचालन में तीन महीने के लिए बदलाव के चलते ट्रेनों का सफर मुश्किल हो जाएगा। रेलवे ने कोहरे के कारण चार दिसंबर से दो मार्च 2025 तक नई दिल्ली-जालंधर सिटी सुपर एक्सप्रेस अंबाला तक संचालित करने का ऐलान किया है। दिल्ली-सहारनपुर मेमू आज से बंद हो गई। ऐसे में यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि दो सप्ताह से बंद पड़ी शालीमार एक्सप्रेस के पटरी पर लौटने के बाद दैनिक यात्रियों को राहत मिली है। रेलवे में एक दिसंबर से 28 फरवरी तक कोहरे का सीजन माना जाता है। सर्दी में लोको पायलट को विशेष सतर्कता के साथ ट्रेनों का संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं। चार दिसंबर से दो मार्च तक जालंधर सिटी-नई दिल्ली सुपर एक्सप्रेस अंबाला तक चलाई जाएगी। दिल्ली-सहारनपुर मेमू आज से बंद कर दी गई है। राहत की बात यह है कि बाड़मेर से जम्मूतवी तक चलने वाली ट्रेन संख्या 14661 अप शालीमार एक्सप्रेस फिर से पटरी पर लौट आई। गत12 दिनों से यह ट्रेन रद चल रही थी। इस ट्रेन के फिर से चलने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले मियां जुनैद का कटा चालान

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। दो दिन पूर्व खालापार के रहने वाले मियां जुनैद ने हिंदू धर्म के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उक्त मामले में हिंदू संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष हरीश पालीवाल की ओर से शहर कोतवाली में तहरीर दे दी गई थी। इस मामले में शुक्रवार तक कोई भी कार्यवाही नहीं की गई थी, मगर शनिवार को पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर ली गई और खालापार निवासी मियां जुनैद को गिरफ्तार करने के बाद चालान कर उसे जेल भेज दिया गया, जबकि अभी मिमलाना रोड का रहने वाला उक्त ग्रुप चलाने वाला ग्रुप एडमिन साहिल पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस अभी दूसरे आरोपी साहिल की तलाश कर रही है। अब देखना यह होगा कि उक्त तलाश में पुलिस को कब कामयाबी हासिल हो पाती है। आपको बता दें कि संभल की घटना के बाद पूरे प्रदेश सहित मुजफ्फरनगर जनपद में भी अलर्ट किया गया था। जिसके चलते प्रशासनिक अधिकारियों ने सख्त लहजे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने को लेकर चेतावनी पहले से ही जारी की हुई थी, बावजूद इसके शरारती तत्व जनपद की फिजां में लगातार जहर घोलने का काम कर रहे हैं। इन्हें न पुलिस का डर है और न ही शासन का भय है। गुरूवार को हिंदू धर्म के खिलाफ एक ग्रुप में उक्त दोनों युवकों जुनैद व साहिल की हरकत से साफ तौर पर अंदाजा लगाया जा सकता है कि असामाजिक तत्वों के मंसूबे जनपद में क्या कराना चाहते हैं।

बन गई बात, पांच दिन बाद वार्डों में पहुंचे कूड़ा उठाने वाहन

▶ अभी भी तमाम इलाकों में नहीं पहुंची कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां ▶ वेतन मुद्दे पर कंपनी कर्मियों की खुली हड़ताल, मिली राहत ▶ नगर मजिस्ट्रेट व चेयरपर्सन के आश्वासन पर लौटे काम पर

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। वेतन सम्बंधी समस्याओं को लेकर बीते 05 दिनों से जारी डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में लगी एमआईटूसी कंपनी कर्मियों की हड़ताल रविवार को छठे दिन खुल गई। इसके साथ ही 5 दिनों के बाद जब छोटी गाड़ियां अपना चिर-परिचित कूड़ा सॉन्ग बजाते हुए वार्डों में पहुंची तो घरों में जमा हुए कूड़े से परेशान लोगों को बड़ी राहत मिली। चेयरपर्सन के निर्देश पर ऐसे में पहले दिन इन गाड़ियों को कंपनी द्वारा वार्डों में 3 राउंड के लिए लगाया गया, ताकि अधिक से अधिक कूड़े का निस्तारण कराया जा सके।

नगरपालिका परिषद् के साथ अनुबंध के आधार पर नगर के 55 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व डलावघरों से कूड़ा निस्तारण में लगी नई दिल्ली की एमआईटूसी सिक्योरिटी एण्ड फैसिलिटी प्रा. लि. के कर्मियों ने वाहनों का चक्का जाम करते हुए 5 दिन पूर्व हड़ताल कर दी थी। इससे वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन ठप हो गया। कर्मियों का आरोप है कि कंपनी ने उनको दो माह का वेतन नहीं दिया और पीएफ व ईएसआई कार्ड भी नहीं बनाया है। सभी के पीएफ खाते नहीं खुलवाए। इसे लेकर शनिवार को इन कर्मियों ने कंपनी के सेकेंड्री जोन में कूड़ा वाहनों की पार्किंग पर जाकर भी वाहनों को रोककर हंगामा किया था। कंपनी के 5-5 हजार रुपये का भुगतान करने के बाद भी कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटे थे, जबकि सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल ने आश्वासन दिया था। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कंपनी पर हड़ताल खुलवाने के लिए दबाव बनाया और नाराजगी जताई तो इसका असर दिखाई दिया। रविवार सुबह कंपनी के परियोजना प्रबंधक का अतिरिक्त चार्ज संभाल रहे सेकेंड्री जोन के इंचार्ज कुलदीप सिंह ने कूड़ा कलेक्शन वाहनों को निकलवाने की कवायद शुरू की और उनके द्वारा हड़ताल कर रहे कर्मचारियों से वार्ता करते हुए उन्हें समझाया कि मंगलवार को उनका अक्टूबर माह का वेतन दे दिया जायेगा। 15 दिसम्बर तक नवम्बर माह और सितम्बर तक के पीएफ का भुगतान भी 25 दिसम्बर तक करा दिया जायेगा। इस आश्वासन पर भी कर्मचारी काम पर लौटने को तैयार नहीं हुए तो सेकेंड्री जोन में कार्यरत चालकों-सुपरवाईजरों को बुलाकर उनको छोटी गाड़ियों के साथ वार्डों में निकालना शुरू कर दिया तो दूसरे कर्मचारी भी हड़ताल छोड़कर काम पर लौटने लगे। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर एनएसए डॉ. अतुल कुमार भी सवेरे से हड़ताल खुलवाने में सक्रिय दिखाई दिए। उन्होंने ढलसवघरों से कूड़ा उठान कराया तो वहीं वार्डों में गाड़ियों को निकलवाने का काम किया।

इन्होंने कहा- कुलदीप सिंह ने बताया कि रविवार सवेरे 73 में से 44 टिपर वाहनों को वार्डों में निकलवाया गया। सोमवार से सभी वाहन आ जायेंगे। चेयरपर्सन के आदेश पर वार्डों में एक गाड़ी के तीन राउंड कराए हैं, ताकि हड़ताल में घरों में जमा कूड़ा निकाला जा सके। सोमवार से कार्य नियमित होगा। उन्होंने कहा कि कामकाज करने वाले कर्मियों के हितों के लिए कंपनी संवेदनशील है, लेकिन ऐसे कर्मचारियों की सूची कंपनी द्वारा बनाई गई है, जो बिना वजह ही मामले को तूल देकर गन्दगी से शहर सड़ाने की साजिश रच रहे थे। इनके खिलाफ प्रशासन और पालिका सहमति बाद कार्यवाही की जायेगी। उधर, हड़ताल पर रहने वाले कर्मियों जितेन्द्र, अश्वनी, आजाद, गौरव व सन्नी आदि ने कहा कि कंपनी से मिले आश्वासन पर हड़ताल वापस हो गई है और करीब 50 फीसदी कर्मी काम पर वापस लौट आये। सोमवार से सभी काम पर आ जायेंगे। यदि मंगलवार को वेतन नहीं मिला और पीएफ भुगतान नहीं किया गया तो पुनः आंदोलन किया जायेगा।

संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर 45 हजार किसान 2 दिसंबर को दिल्ली में संसद घेरेंगे!

नोएडा, 1 दिसम्बर (बु.)। ग्रेटर नोएडा में भारी संख्या में किसान आक्रोशित है। अपनी मांगों को पूरी करवाने के लिए यमुना प्राधिकरण पर किसानों का महापड़ाव रविवार को भी जारी रहा। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर दो दिसंबर को दिल्ली कूच से पहले आज यानी रविवार की सुबह 11 बजे संयुक्त किसान मोर्चा के सभी किसान संगठनों के नेताओं की डीएम, पुलिस कमिश्नर व नोएडा, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ और यमुना प्राधिकरण की ऑफिशिएटिंग सीईओ के साथ वार्ता हुई।

कुड़कुड़ी बांधने वाली ठंड के लिए हो जाएं तैयार

मुजफ्फरनगर, 1 दिसंबर (बु.)। मौसम में अभी तक चल रहा स्थिरता का क्रम अब टूटने वाला है। कोहरे की वापसी के बाद अब जल्द ही कड़ाके की ठंड का दौर आने की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो अगला सप्ताह कुड़कुड़ी बांधने वाली ठंड की दस्तक देगा। आज नगर में तापमान अधिकतम 25.6 और न्यूनतम 10.0 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि प्रदूषण की स्थिति फिर बिगड़ी और एक्यूआई फिर से 220 पर पहुंच गया।

रात में ठंडक और दिन में खिली धूप के चलते मौसम अभी खुशगवार बना हुआ है। इसके चलते आज भी तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ। दिन का पारा एक डिग्री नीचे खिसककर 25.6 पर आया तो रात में तापमान 10.0 डिग्री रहा। हवा थमने से एक बार फिर प्रदूषण की स्थिति गड़बड़ाई और एक्यूआई 220 पर दर्ज किया गया। यह खराब स्थिति में रहा। गत दिवस एक्यूआई काफी सुधरा हुआ था। दिसंबर की दस्तक के साथ अब ठंड का दौर तेज होने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में सोमवार से सुबह- धुंध के साथ स्मॉग छाएगा। इससे धूप भी कम निकलेगी। जिसका असर तापमान में देखने को मिलेगा। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार से ठंड अपना असर दिखाएगी। हालांकि, अभी दो से तीन दिन तक तापमान में गिरावट आने के कोई संकेत नहीं है। इस दौरान मुख्य रूप से आसमान साफ रहेगा। पहाड़ों से आने वाली हवाओं ने मैदानी इलाकों में अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रविवार को लोगों को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ। रविवार को सुबह से ही धूप निकल गई थी। लोगों ने दोपहर में धूप का आनंद लिया। हालांकि, शाम होते ही ठंडी हवाओं ने ठंडक का अहसास कराया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि सोमवार को कुछ स्थानों पर सुबह स्मॉग, हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा व धुंध रहने की संभावना है। शाम व रात में स्मॉग-धुंध का अनुमान है। आगामी पांच दिसंबर तक अधिकतम तापमान में बड़ा बदलाव नहीं होगा। इसके बाद पारे में गिरावट के साथ कंपाने वाली ठंड की दस्तक आने की संभावना है।

ऐसा लग रहा कि अंग्रेज वसूल रहे हों लगान, एक माह में 54 लाख के चालान

मुजफ्फरनगर, 1 दिसम्बर (बु.)। जिन बुजुर्गों ने अंग्रेजों का जमाना देखा था, उन्हें पता है कि अंग्रेज किस तरह से लगान वसूलते थे। गरीब को कभी अमीर न होने देने के उद्देश्य से उन पर ऐसे ऐसे कर लगाते थे कि उनके द्वारा खुद अपने गाढ़े पसीने से सींची गयी खड़ी फसल भी कटने के बाद अंग्रेजों के नाम ही हो जाती थी और गरीब को पता भी नहीं लगता था कि यह लगान किस तरह से लगाया गया है। ठीक वैसा ही आज मुजफ्फरनगर जनपद में ऐसा प्रतीत हो रहा है। रोड टोल टैक्स देने के बाद भी सड़कों पर चलने में आज आम आदमी दहशत महसूस करने लगा है। दुपहिया वाहन हो या चौपहिया वाहन कब किस नाम पर आपका चालान कट जाएगा, यह सड़क पर चलने वाली जनता को पता ही नहीं है।

बेशक ट्रैफिक विभाग के लिए या राजस्व विभाग के लिए यह गौरव की बात होगी, मगर सच्चाई तो यही है कि आज जनपद मुजफ्फरनगर की सड़कों पर चलना किसी दहशत से कम नहीं रहा है और हम यहां बात किसी राहजनी की नहीं कर रहे हैं। दरअसल चप्पे-चप्पे पर ट्रैफिक विभाग के सिपाही आपका चालान काटने के लिए कब आपको कहां किस तरह से रोक लें, यह अनुमान लगा पाना मुश्किल है। चार-चार, पांच-पांच ट्रैफिक सिपाही कभी भी आपको एकाएक आगे अड़कर रोक सकते हैं और आपके वाहन से चाभी निकाल सकते हैं। यकीन नहीं आता तो ट्रैफिक विभाग का सिर्फ मुजफ्फरनगर का डाटा देखकर आप हैरान रह जाएंगे। दो चार, दस लाख रुपये नहीं पिछले तीस दिनों में विभाग ने 54 लाख रुपये का जुर्माना दुपहिया व चौपहिया वाहन चालकों से वसूला है। यह डाटा कोई काल्पनिक डाटा नहीं बाकायदा आधिकारिक पुष्टि किया हुआ है। 54 लाख रुपये के जुर्माने में 54.45 लाख रुपये अधिरोपित शमन शुल्क व 6,54,300 वसूला गया शमन शुल्क है। यदि इस शुल्क का विभाजन प्रतिदिन में करें तो एक दिन में ट्रैफिक विभाग के सिपेहसालारों ने औसतन 1.80 लाख रुपये प्रतिदिन सड़कों पर चलने वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया है। इस जुर्माने के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया जा रहा है। जो सबसे ज्यादा चालान काटेगा, उसे सबसे ज्यादा पुरस्कार से सम्मानित किया जा रहा है। मगर आम आदमी से जरा पूछकर देखिए कि उसे कैसा महसूस हो रहा है। किसी अंजान से अंजान दुपहिया वाहन चालक से यदि पूछा जाएगा कि सड़कों पर चलने में क्यों दुश्वारी महसूस कर रहे हो तो वह सीधा जवाब यही देगा कि सरकार हर तरफ से हमारा खून चूसना चाहती है। सरकार की ऐसी कौन सी पॉलिसी है, जहां यह टारगेट दिया जाता हो कि सड़क पर चलने वाले लोगों से ट्रैफिक अनियमितता के तौर पर 54 लाख रुपये का जुर्माना ठोका जाए। यह जुर्माने सर्वाधिक उस बात के लिए ठोके जा रहे हैं, जिस बात पर कम से कम ग्रामीण क्षेत्र के लोग तो अमल करते दिखाई देते हैं। आपको विस्तृत रूप से बता दें कि ट्रैफिक विभाग ने यातायात माह के नाम पर सबसे ज्यादा 4740 वाहनों पर जुर्माना ठोका है, जिनमें बिना हैलमेट पहने 2544 दुपहिया वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया गया है। उसके बाद 825 ऐसे चालकों पर जुर्माना किया गया है जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था, तीसरे नम्बर पर वायु प्रदूषण करने वाले 518 चालकों के चालान काटे गए। फिर चौपहिया वाहनों का नम्बर भी लगाया गया है, जिसमें बिना सीट बैल्ट के 312 चालान किये गए हैं। दुपहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग करने वाले लोग सिर्फ 332 ही विभाग के कब्जे में आ पाए हैं। 125 चालान दुपहिया वाहन पर मोबाइल का प्रयोग करते हुए तथा 105 चालान अवैध पार्किंग के काटे गए हैं। ऐसे में सवाल तो कई बातों पर खड़े होते हैं, मगर यह सवाल तब तक सवाल ही बने रह जाते हैं, जब तक इनके सुबूत नहीं मिलते। प्रतिदिन ट्रिपल राइडिंग करते हुए मुजफ्फरनगर के ही अंदर सैंकड़ों वाहन आते-जाते नगर के संभ्रान्त नागरिकों को तो दिखते हैं मगर विभाग की नजर इन पर दूसरे रूप में पड़ती है। अब वह दूसरा रूप क्या है, यह आमजन भी जानते हैं। ट्रिपल राइडिंग वालों को पकड़ा, साइड में ले जाया गया, सहमति बनाई और उन्हें समझा-बुझाकर छोड़ दिया गया। अब यह समझाना-बुझाना किस प्रकार का है, इसका पता इसी बात से चल जाता है कि पिछले एक माह में जहां हैलमेट न पहने चालकों पर ढाई हजार से अधिक चालान किये गए वहीं मात्र 332 लोग ही ऐसे विभाग के कब्जे में आए हैं, जो ट्रिपल राइडिंग कर रहे थे। कुल मिलाकर एक माह में 54 लाख रुपये का जुर्माना अपने आपमें हैरत में डालने वाला जुर्माना है।

दो दिन बांटे गुलाब के फूल, उसके बदले कई लाख लिये वसूल

मुजफ्फरनगर। अब से लगभग दो माह पहले विभाग द्वारा स्वयं एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे द्वारा एक खूबसूरत पहल की गयी थी और लगता था कि प्यार से समझाकर गांधीगिरी करने वाले एक अधिकारी जनपद को मिल गए हैं, मगर दो दिन गुलाब के फूल बांटकर एक महीने तक ऐसी वसूली की जाएगी इसका अंदाजा किसी को भी नहीं था। पिछले एक माह में वसूला गया शमन शुल्क 6,54,300 रुपये है, जबकि लगाए गया अधिरोपित शमन शुल्क 54 लाख 45 सौ रुपये है। चालान के नाम पर इतनी बड़ी राजस्व वसूली कहीं न कहीं जनता के दिलों पर चोट पहुंचा रही है। नेताओं को छोड़कर चारों ओर इस बात की हा-हाकार है कि आखिर किस तरह से झपट्टे मारकर नगर में दुपहिया व चौपहिया वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं। बेशक जनता नेताओं को फिलहाल इस बात का जवाब न दे, मगर आने वाले समय में हरेक जवाब सम्भवतः वोट न देने के रूप में जनता देने को तैयार है। अधिकारियों का क्या आज हैं? कल चले जाएंगे, मगर नेताजी अपनी सोचें कि उन्हें इसी शहर में रहना है और दोबारा चुनाव लड़ने की तमन्ना भी उन्हीं की रहती है। अब उन्हें ही देखना है कि वे अपना हश्र कैसा चाहते हैं?

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 01 दिसम्बर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 02 दिसम्बर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1804-नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई। 1848-फ्रांस जोसेफ प्रथम ऑस्ट्रिया के सम्राट बने थे। 1911-जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा,रानी बनें। उनके बंबई (अब मुम्बई) आगमन की याद में ही गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया। 1942-पांडिचेरी (अब पुडुचेरी) में श्री अरविंदो आश्रम स्कूल की स्थापना हुई, जिसे बाद में श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एजुकेशन के नाम से जाना गया। 1960-भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ एवं कद्दावर नेता जगत प्रकाश नड्डा का जन्म हुआ। 1965-सीमा सुरक्षा बल की स्थापना हुई। 1971-संयुक्त अरब अमीरात ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की। 1976-फिदेल कास्त्रो क्यूबा के राष्ट्रपति बने। 1989-विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के सातवें प्रधानमंत्री बने थे। 1995-बेरिंग्स बैंक कांड के चर्चित व्यक्ति निक लीसन को सिंगापुर के न्यायालय द्वारा साढ़े छह वर्ष की कैद की सजा हुई थी। 1999-भारत में बीमा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को मंजूरी मिली थी। 2002-प्रशान्त महासागर के बोरा-बोरा द्वीप में एक जलते यात्री जहाज 'विडस्टार' से 219 लोगों को सुरक्षित बचाया गया। 2005-पाकिस्तान सरकार ने मदरसों द्वारा धार्मिक नफरत फैलाने एवं आतंकवाद के लिए प्रेरणा देने वाले शिक्षा एवं साहित्य के प्रकाशन पर रोक के लिए कानून बनाया। 2006-फिलीपींस में ज्वालामुखी का मलबा गिरने से 208 लोगों की मृत्यु तथा 261 लोग घायल। 2007-पाकिस्तानी राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने 8 जनवरी के प्रस्तावित चुनावों को देखते हुए देश में विरोध प्रदर्शनों और रैलियों पर प्रतिबन्ध लगाया था। 2008-पंजाब नेशनल बैंक ने एफसीएनआर ब्याज दरों में कटौती की थी। 2008-जिम्बाब्वे में हैजा के प्रकोप से 425 लोगों की मौत हुई है और अगस्त 2008 से 10,000 लोग प्रभावित हुए हैं। 2009-ब्रिटिश के एक वरिष्ठ न्यायाधीश ने एक कथित ब्लैकमेलर को खोजने में मदद की अपील के बाद विकिपीडिया को इसकी गोपनीयता का उल्लंघन करने की आज्ञा दी। 2010-फिलीपींस में सरकार और नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट के विधायकों के बीच शांति वार्ता की सिफारिश की गई। 2012-उत्तरपूर्वी चीन के हेइलोंगजियांग प्रांत के एक कोयला क्षेत्र में बाढ़ के कारण 16 खनिक भूमिगत हो गए। 2014-रेड क्रॉस के अनुसार, उत्तर पूर्वी केन्या में अल-शबाब आतंकवादियों का एक हमला कम से कम 36 लोगों की मौत के लिए जिम्मेदार है। 2014-हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध हास्य अभिनेता देवेन वर्मा का निधन हुआ था। 2016-ओकलैंड में एक नृत्य पार्टी के दौरान आग से 36 लोग मारे गए थे।

आपका आज का राशिफल

सोमवार, 02 दिसम्बर, 2024

मेष- आज दिन 3/46 बजे तक समय अव्यवस्थित, समस्या से चिन्तित, शत्रु सक्रिय, शेष समय में स्वास्थ्य सुधार पर, तनाव में कमी, हर्षोल्लास, मन प्रसन्न।

वृषभ- आज दिन 3/46 बजे तक समय अनुकूल, कार्य क्षमता में वृद्धि, योजना साकार, लक्ष्य की प्राप्ति, शेष समय में शंका-कुशंका प्रभावी, जोखिम से हानि।

मिथुन- विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, राजनीतिक लाभ का प्रयास सार्थक, मनोविनोद के अवसर सुलभ, हर्ष।

कर्क- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, वरिष्ठजनों की सलाह मान्य, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

सिंह- आज दिन 3/46 बजे तक समय असंतोषजनक, आर्थिक कठिनाइयां, शारीरिक कष्ट, आपसी तनाव, शेष समय बेहतर, नवयोजना की पूर्ति, व्यापारिक लाभ।

कन्या- आज दिन 3/46 बजे तक दिनमान अनुकूल, अधूरे कार्य पूर्ण, दाम्पत्य जीवन मधुर, अकल्पित लाभ, शेष समय व्यवधानकारक, समस्याओं से चिन्तित।

तुला- व्यापार में विस्तार की योजना फलीभूत, स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार, स्वजनों से अपेक्षित सहयोग, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा।

वृश्चिक- अभीष्ट कार्यों में संतोषजनक सफलता, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क का लाभ, राजनैतिक गतिविधियों में संलग्नता, राजकीय पक्ष से लाभ, मौजमस्ती में व्यय।

धनु- आज दिन 3/46 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, कार्यों में अड़चनें, सहयोगियों से विवाद संभव, शत्रु से हानि, शेष समय में पूँजी का प्रतिफल प्राप्त, मन प्रसन्न।

मकर- आज दिन 3/46 बजे तक अनुकूलता, नवीन योजना का श्रीगणेश, उन्नति का सुयोग, मनोविनोद के अवसर, प्रगति में गतिरोध, इच्छित योजना अधूरी।

कुम्भ- समझदारी से लिया गया निर्णय व किया गया हितकर, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रयत्नशील, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ।

मीन- विचाराधीन योजना का मूर्तरूप में परिणित, धन लाभ का सुअवसर, दाम्पत्य जीवन में संतोष, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वरिष्ठजनों की सलाह लाभदायक।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

आपस में भिड़ी दो बाइक पास से गुजरते ट्रैक्टर से टकराई, आधा दर्जन लोग हुए घायल

कैथोड़ा में दो बाइक आपस में टकराने के बाद ट्रैक्टर से जाकर भिड़ी, घायलों में दो महिलाएं भी शामिल

मीरापुर, 01 दिसम्बर (बु.)। दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर कैथोड़ा पुलिस चौकी के समीप दो बाइकों की आपस मे भिड़ंत होने के बाद दोनों बाइकें वहाँ से गुजर रहे ट्रैक्टर से टकरा गई, जिससे बाइक सवार दो महिलाओं समेत छः लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। मीरापुर के कैथोड़ा गांव निवासी चांद पुत्र अशफाक रविवार की देर शाम अपनी बाइक पर सवार होकर रामराज के गांव पुट्ठी से अपनी भाभी बेबी पत्नी मोटा तथा भतीजी मायरा व भतीजे शबाब के साथ गांव लौट रहा था। जब यह कैथोड़ा पुलिस चौकी के निकट पहुंचा, तभी सामने से बाइक लेकर आ रहे मेरठ के अब्दुल्लापुर निवासी सलमान पुत्र निसार की बाइक से भिड़ंत हो गई तथा इसके बाद इनकी बाइकें अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर से टकरा गई। इससे सलमान व उसकी माँ नफीसा तथा कैथोड़ा निवासी चांद, बेबी, बच्ची मायरा व शबाब गंभीर रूप से घायल हो गए। कैथोड़ा पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने दौड़कर घायलों को उठाया तथा एम्बुलेंस से जानसठ अस्पताल भिजवाया तथा घायलों के परिवार के अन्य सदस्यों को सूचना दी। दुर्घटना के दौरान राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर यातायात सुचारू कराया।

घर वापिस लौटते समय हुआ हादसा

मीरापुर। रविवार की दोपहर में कैथोड़ा निवासी चांद रविवार की सुबह भाभी बेबी, भतीजी मायरा व भतीजे शबाब के साथ रामराज के गांव पुट्ठी इब्राहिमपुर में अपनी रिश्तेदारी में गया था तथा देर शाम वापस अपने गांव लौट रहा था। वहीं दूसरी तरफ मेरठ के अब्दुल्लापुर निवासी सलमान भी अपनी माँ नफीसा के साथ गांव गढ़ी मुझेड़ा में अपनी रिश्तेदारी में आया था तथा यह दोनों भी वापस अपने घर ही लौट रहे थे, इस दौरान हादसा हो गया।

11 दिसम्बर को गीता जयंती महोत्सव का होगा आयोजन

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। जिओ गीता युवा चेतना संगठन के सह संयोजक दिवाकर विक्रम सिंह सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि 11 दिसम्बर को गीता जयंती महोत्सव का आयोजन मुजफ्फरनगर शहर में भव्य रूप से किया जाएगा। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया कि नगर में आयोजित होने वाले उक्त श्री गीता जयंती उत्सव महापर्व के अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के आशीर्वाद से जिओ गीता युवा चेतना द्वारा 4 से 11 दिसम्बर तक प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 दिसम्बर को प्रातःकाल टाउनहाल मैदान से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और मध्यान्ह 11 बजे एक साथ गीता पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से कार्यक्रम संयोजक सुनील कुमार शर्मा, अमित गर्ग व सचिव गोपाल गर्ग आदि मौजूद रहे।

सेवा कार्यों से मानव को होती है सच्चे सुख की अनुभूति

खतौली, 01 दिसम्बर (बु.)। लायंस क्लब संस्कार खतौली के अधिष्ठापन में क्लब के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए सेवा कार्यों में सहभागिता निभाने पर बल दिया गया।
मिली जानकारी के अनुसार कन्हैयाज बैंकट हॉल में लायंस क्लब संस्कार के अधिष्ठापन समारोह का शुभारंभ लायन प्रीति राणा द्वारा ध्वज वंदना व राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर अधिष्ठापन अधिकारी पीडीजी लायन अरविन्द संगल ने कहा कि प्रत्येक लायन का कर्तव्य है कि वह अपने व्यस्ततम जीवन का कुछ समय दीन दुखियों व जरूरतमन्दों को सेवा हेतु दें तथा लायंस क्लब के मुख्य उद्देश्य की कसौटी पर खरा उतरे। इस अवसर पर अधिष्ठापन अधिकारी द्वारा क्लब की आगामी टीम हेतु पीयूष जैन को अध्यक्ष, कामरेड जसवीर राणा को सचिव व आशीष तायल को कोषाध्यक्ष व क्लब की कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में लायंस क्लब के भीष्म पितामह लायन कुन्ज बिहारी अग्रवाल, लायन अशोक मित्तल आदि अतिथियों द्वारा क्लब के मुख्य उद्देश्यों व गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सेवा कार्यों से मानव को सच्चे सुख की अनुभूति होती है। इससे पूर्व लायन चौधरी सुरेन्द्र सिंह द्वारा क्लब की गत वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए क्लब के सेवा कार्यों में उनका सहयोग देने वाले लायन बन्धुओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब संस्कार द्वारा योगाचार्य निर्मल जैन, पशु सेवा टीम, रक्तदान अभियान के प्रमुख राजेन्द्र जैन ककराला, निर्मल आश्रम नेत्र चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ. अजय कुमार को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायन ऑफ द ईयर पुरस्कार चौधरी सुरेन्द्र सिंह को देकर सम्मानित किया गया। लायन नवीन चन्द्रवंशी के संयोजन व लायन अनिल वर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में दिनेश सहगल, अवनीश राणा, अमन सहगल, सुधीर कुमार, कुलदीप राठी, आलोक भटनागर, केवल कुमार, विशाल मल्होत्रा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

मिट्टी धंसने ने चार बच्चियों की दबकर मौत, एक घायल

बक्सर, 01 दिसंबर (वार्ता)। बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह मिट्टी धंसने से चार बच्चियों की दबकर मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सरेंजा राजकीय बुनियादी स्कूल के समीप बच्चियां टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं। इस दौरान उनके उपर टीला भरभरा कर गिर गया, जिससे बच्चियां दब गयीं। सूत्रों ने बताया कि इस घटना में चार बच्चियों की दबकर मौत हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गयी। घायल बच्ची को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

नहीं होने देंगे किसी के भी साथ अन्यायः योगी आदित्यनाथ

गोरखपुर, 01 दिसंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में आए लोगों से मुलाकात की और सबकी समस्या सुनकर कहा कि वह किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पीड़ित की समस्या का निराकरण किया जाएगा और सबको न्याय मिलेगा।इसे लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी की समस्या का शीघ्रता से गुणवत्तापूर्णऔर पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे और एक.एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।उन्होंने करीब 300 लोगों से मुलाकात की। लोगों के प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भितकरते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकारहर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए तत्पर और प्रतिबद्ध है।

विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर घटकर 556.6 अरब डॉलर पर

मुंबई, 01 दिसंबर (वार्ता)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी कमी होने से 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.3 अरब डॉलर कम होकर 556.6 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17.8 अरब डॉलर लुढ़ककर 657.9 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.04 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 566.8 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.83 अरब डॉलर बढ़कर 67.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर में 7.9 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह कम होकर 17.98 अरब डॉलर पर आ गया। इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि में 1.5 करोड़ डॉलर की गिरावट रही और यह गिरकर 4.2 अरब डॉलर रह गई।

अर्थव्यवस्था बढ़ाने के लिए समान अवसर जरूरीः राहुल गांधी

नई दिल्ली, 01 दिसंबर (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के आर्थिक हालात लगातार खराब हो रहे हैं और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की दर दो साल में सबसे निचले स्तर पर आ गई है इसलिए सबको समान अवसर देकर अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की जरूरत है। श्री गांधी ने कहा कि भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट दो साल में सबसे नीचे 5.4 प्रतिशत पर आ गई है। बात साफ है - भारतीय अर्थव्यवस्था तब तक तरक्की नहीं कर सकती जब तक इसका फ़ायदा सिर्फ़ गिने-चुने अरबपतियों को मिल रहा हो और किसान, मज़दूर, मध्यमवर्ग और ग़रीब तरह- तरह की आर्थिक समस्याओं से जूझ रहे हों। उन्होंने स्थिति को चिंताजनक बताया और कहा कि खुदरा महंगाई दर बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में इस वर्ष आलू और प्याज़ की क़ीमत लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गई है। रुपया 84.50 के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है और बेरोज़गारी पहले ही 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ चुकी है।

तेलंगाना मुठभेड़ में नक्सली नेता समेत सात माओवादी ढेर

मुलुगु (तेलंगाना), 01 दिसंबर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ व तेलंगाना की सीमा पर मुलुगु जिले के इटुरनगरम वन क्षेत्र में रविवार तड़के पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली नेता सहित सात माओवादी मारे गए। पुलिस के अनुसार, माओवादी विरोधी दस्ते के साथ समन्वय में तेलंगाना ग्रेहाउंड्स ने जंगल में एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। सुरक्षा बलों से मुठभेड़ होने पर माओवादियों ने कथित तौर पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। इसके बाद हुई गोलीबारी में सात माओवादी मारे गये। मृतकों की पहचान नक्सली नेता कुरसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पापन्ना (35), एगोलापु मल्लैया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ करुणाकर (22), जय सिह (25), किशोर (22), कामेश (23) के रूप में हुयी। पुलिस ने बताया कि घटना स्थल से दो एके-47, एक इंसास रायफल और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्चिंग जारी है।

संभल हिंसा की जांच को पहुंची न्यायिक आयोग की टीम

- अगले सप्ताह फिर आकर अफसरों और पीड़ितों के दर्ज करेगी बयान
- मस्जिद कमेटी से भी की बात, कहाः दो माह लगेंगे जांच पूरा होने में

संभल, 1 दिसंबर (एजेंसी)। न्यायिक जांच आयोग की टीम रविवार की सुबह 10.30 बजे संभल पहुंची। इसमें आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा और सदस्य पूर्व डीजीपी एके जैन शामिल थे। सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन नहीं पहुंचे। आयोग अध्यक्ष औ सदस्य ने जामा मस्जिद पहुंचकर मस्जिद कमेटी से जानकारी ली। इसके बाद ामा मस्जिद के उस इलाके में पहुंचे जहां 24 नवंबर को बवाल हुआ था। मस्जिद के आसपास घटनास्थल का मुआयना किया। जहां पुलिस और भीड़ में झड़प हुई थी मौके पर मौजूद एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बवाल की जानकारी बिंदुवार बताई। इसके बाद टीम नखासा तिराहा और हिंदूपुरा खेड़ा पहुंची। दोनों स्थानों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आयोग की टीम को भीड़ के एकत्र होने और बवाल के बाद लौटने वाले रास्ते दिखाए। इसके टीम लोकनिर्माण विभाग के गेस्ट हाउस पहुंची। वहां कुछ देर तक अधिकारियों से बातचीत की। इसके बाद रवाना हो गई। मुरादाबाद कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि न्यायिक आयोग की टीम ने अभी घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। सोमवार को टीम दोबारा आएगी और बयान दर्ज करने के साथ अन्य कार्रवाई पूरी करेगी। टीम द्वारा जो सवाल पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से किए गए उनका जवाब दिया है। मस्जिद कमेटी से भी टीम ने बात की है। मालूम हो 24 नवंबर को संभल जामा मस्जिद का सर्वे होने के दौरान बवाल हो गया था। इस बवाल में पांच लोगों की मौत हो गई थी। इसी मामले की जांच के लिए न्यायिक जांच आयोग का गठन हुआ है। आयोग के अध्यक्ष हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश देवेंद्र अरोड़ा ने संभल से जाते हुए मीडिया से कहा कि यह जांच अभी दो महीने तक चलेगी। घटना की तह तक पहुंचा जाएगा। अभी आयोग की टीम ने घटना की प्राथमिक जानकारी हासिल की है और घटनास्थल का मुआयना किया है। जिससे स्थिति को समझा जा सके। अभी तो अधिकारी व आम लोगों के बयान दर्ज होने के साथ ही अन्य कार्रवाई को पूरा किया जाना बाकी है। इसके चलते ही दो महीने का समय लगेगा।

भूमि का रकबा पूरा कराने के लिए कई माह से चक्कर काट रहा किसान

मीरापुर, 01 दिसम्बर (बु.)। पड़ौसी द्वारा किसान की भूमि पर अवैध कब्जा करके भूमि का रकबा कम किए जाने से परेशान किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। पीड़ित का आरोप है कि भूमि का रकबा पूरा कराने के लिए एक साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहा है। कैथोड़ा के मजरा मुकल्लमपुरा निवासी किसान सतबीर पुत्र बाबूराम ने की गई शिकायत में बताया कि उसकी भूमि का खसरा नंबर 585 है तथा पड़ोसी किसान ने उसकी भूमि पर कब्जा करके उसकी भूमि का रकबा कम किया हुआ है। आरोप है कि उसने तहसील व जिले के अधिकारियों के यहां कई बार शिकायती प्रार्थना-पत्र देकर भूमि का रकबा पूरा कराने की मांग की, लेकिन किसी अधिकारी ने उसकी सुनवाई नहीं की। पीड़ित ने पड़ोसी किसानों की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए रकबा पूरा कराने की मांग की है।

देश के नायकों से हुआ अन्याय, इतिहास में हेरफेर कर कुछ लोगों को दिया श्रेयः धनखड़

उपराष्ट्रपति ने इतिहास की किताबों में छेड़छाड़ को लेकर जताया दुख

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को दुख जताया कि भारत की इतिहास की किताबों में स्वतंत्रता संग्राम के कुछ नायकों के साथ अन्याय हुआ है, क्योंकि स्वतंत्रता के बाद की कहानियों में हेरफेर करके केवल चुनिंदा व्यक्तियों को श्रेय दिया गया।
उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ियों में देशभक्ति की भावना जगाने के लिए बिना किसी लाग-लपेट के ऐतिहासिक विवरण प्रस्तुत करना अनिवार्य है। उपराष्ट्रपति ने किसानों से बातचीत और समझ के माध्यम से समस्याओं के समाधान के लिए काम करने का भी आह्वान किया। राजा महेंद्र प्रताप की 138वीं जयंती के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश अपने इतिहास को उन लोगों को 'कृपालु, चाटुकार, श्रेय देकर पोषित नहीं कर सकता, जिन्होंने निश्चित रूप से भूमिका निभाई, लेकिन दूसरों ने जो भूमिका निभाई, उसे नहीं। हम अपने नायकों को छोटा नहीं होने दे सकते। 22 नवंबर 1957 को

लोक सभा में राजा महेन्द्र प्रताप एक प्रस्ताव लाए कि हमें वीर सावरकर, वीरेंद्र कुमार घोष और डॉ. भूपेन्द्रनाथ दत्त को सम्मनित करना चाहिए, क्योंकि उन्होंने देश के मामलों और आजादी में बहुत बड़ा योगदान किया है। वहीं किसानों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा, हमें याद रखना होगा कि हम अपने लोगों से नहीं लड़ते हैं। उन्होंने कहा, जब किसानों की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो रहा है, तो कोई कैसे सो सकता है?" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि टकराव की नीति खराब कूटनीति है।
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा, हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है, कुछ लोगों का एकाधिकार बनाया गया है, जिससे हमें आजादी मिली है। यह हमारी अंतरात्मा पर असहनीय दर्द है। यह हमारी आत्मा और दिल पर बोझ है। उन्होंने कहा कि यह न्याय का उपहास है कि हम महेंद्र प्रताप जैसे महान पुरुषों के ऐसे वीरतापूर्ण कार्यों को पहचानने में "बुरी तरह विफल" रहे हैं। उन्होंने कहा, यदि आप हमारी स्वतंत्रता की नींव को देखें, तो हमें बहुत अलग तरीके से पढ़ाया गया है। हमारी स्वतंत्रता की नींव राजा महेंद्र प्रताप सिंह और अन्य गुमनाम नायकों या कम प्रसिद्ध नायकों जैसे लोगों के सर्वोच्च बलिदानों पर बनी है।

उप चुनाव में सराहनीय कार्य करने पर किया सम्मानित

निर्वाचन कार्यालय में गीत और संगीत के बीच धूमधाम से आयोजित किया गया सम्मान समारोह

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। मीरांपुर विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों के सम्मान में समारोह आयोजित कर उन्हें फूल माला पहनाते हुए सम्मानित किया। इस दौरान सजी संगीत की महफिल में गायक कलाकारों ने अपनी सुरीली आवाज में गीत सुनाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शनिवार शाम जिला निर्वाचन कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह का शुभारंभ एसडीएम न्यायिक व प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण कुमार ने फीता काटकर किया। इस बीच उन्होंने निर्वाचन कार्य में लगे सभी विभागीय कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिले का मीरांपुर विस उप चुनाव सम्पन्न कराना एक जटिल प्रक्रिया है। चुनाव में कोई भी कर्मचारी छोटा अथवा बड़ा नहीं होता, सभी के सहयोग से निर्वाचन जैसे कठिन कार्य को संपन्न कराया जाता है। उन्होंने भविष्य में होने वाले चुनावों में भी कर्मियों से मेहनत व लगन से कार्य करने की अपेक्षा की। इस दौरान गीत-संगीत कार्यक्रम में सत्यप्रकाश ने मैं कहीं कवि ना बन जाऊं, मदन ढींगडा ने रूप तेरा मस्ताना, रविन्द्र ने बहारों फूल बरसाओ, करणवीर ने जानू मेरी जान, तसव्वुर ने आसमान से आया फरिश्ता, प्रवीण कुमार ने तौबा ये मतवाली चाल, अनिल पीपली ने आसमां गा रहा है जमीं गा रही है, परवेश ने मैं तेरा शहर छोड़ जाऊंगा गीत सुना श्रोताओं की वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में नफीस पेशकार, वैभव सिंघल, नितिन गोयल, रामाशीष, सचिन कुमार, सुनील कुमार, संदीप, संजीव, प्रवीण कुमार, आनंद को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस दौरान सलाहउद्दीन प्रधान सहायक, इन्द्रपाल सिंह वरिष्ठ सहायक, जाहिद उस्मानी, रिहान, एडीईओ प्रमोद कुमार, सेवानिवृत्त प्रधान सहायक अनिल सिंह, जितेंद्र कुमार, रविन्द्र लछेड़ा, गौतम, अखिलेश व सुमित आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र कुमार ने किया।

हिन्दू क्रांति सेना का बढ़ा कुनबा, एकजुटता पर दिया जोर

बैठक में जातिवाद को छोड़कर हिंदुत्व के लिए भगवा को अपनाने की अपील

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। हिंदू क्रांति सेना जिलाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा के नेतृत्व में रविवार में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने संगठन में शामिल होने की घोषणा की। हिंदू क्रांति सेना की बैठक में हिंदू क्रांति सेना के संपर्क कार्यालय तहसील मार्किट में संपन्न बैठक की अध्यक्षता संरक्षक मनोज सैनी व संचालन महासचिव सुशील भारती ने किया। बैठक में हिंदू क्रांति सेना की हिंदूवादी नीतियों से प्रभावित हो कर अनेक हिंदू कार्यकर्ताओं ने संगठन में शामिल होकर हिंदुत्व के लिए कार्य करने की शपथ ली। सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश महासचिव डॉ. योगेंद्र शर्मा, मंडल महासचिव राजेश कश्यप, जिला अध्यक्ष हरेंद्र शर्मा ने भगवा पटका पहनाकर सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। हिंदू क्रांति सेना जिलाध्यक्ष हरेंद्र शर्मा ने कहा कि यूपी में प्रदेशाध्यक्ष विपिन कुमार के आह्वान पर चलाए जा रहे सदस्यता अभियान में अभी और अधिक तेजी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हिंदू समाज को जात-पात के बंधन को तोड़कर भगवा झंडे के नीचे आना बहुत जरूरी है। संगठन में शामिल होने वालों में वीरेंद्र चौधरी, मोहित मलिक, रुद्र गोस्वामी, जितेंद्र गोस्वामी, जनेश्वर, नंद किशोर, पुनीत शर्मा, संजय कुमार, आकाश शर्मा, श्याम सुंदर, सचिन शर्मा, ध्रुव मलिक, दिनेश गुप्ता, नरेंद्र तोमर, अजय कुमार, अंकुर मेहरा, प्रदीप चौधरी, रवि खत्री, बंटी पाल, अमित शर्मा, मयंक शर्मा, निखिल कुमार, नितिन चौधरी, मनोज चौधरी, इंद्रपाल, प्रशांत ठाकुर, राजन वर्मा, सचिन कपूर, नरेंद्र गौतम, दीपक कुमार, दीपक कुमार, विनीत, भगत सिंह एवं आशु चौधरी आदि मौजूद रहे।

संसदीय समिति ने राज्यों से मांगी वक्फ संपत्तियों की जानकारी

सच्चर समिति द्वारा बताई गई अनधिकृत कब्जे वाली जमीनों का ब्यौरा किया गया है तलब

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति ने विभिन्न राज्य सरकारों से वक्फ संपत्तियों की प्रामाणिकता और अद्यतन विवरण के बारे में जानकारी मांगी है। जिन्हें सच्चर समिति ने अनधिकृत कब्जे वाली संपत्ति बताई थी। आपको बता दें कि, संसदीय समिति का कार्यकाल लोकसभा द्वारा अगले बजट सत्र के आखिरी दिन तक बढ़ा दिया गया था। समिति ने वक्फ अधिनियम की धारा 40 के तहत राज्यों से वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों का विवरण भी मांगा है।
2013 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान धारा 40 को संशोधित किया गया था। जो मौजूदा कानून के सबसे विवादास्पद पहलुओं में से एक है, क्योंकि इसने वक

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

संभल के बाद अजमेर, फिर बदायूं

संभल की शाही जामा मस्जिद का मामला चल ही रहा था कि अजमेर की दरगाह का विवाद भी सामने आ गया। यह सब अभी थमा भी नहीं था कि बदायूं की जामा मस्जिद को लेकर भी सियासत गरमा गई है। बदायूं के नीलकंठ महादेव मंदिर बनाम जामा मस्जिद मामले में अब तीन दिसंबर को सुनवाई होनी है। इस मामले में असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि आने वाली नस्लों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की पढ़ाई के बजाय एएसआई की खुदाई करने में व्यस्त किया जा रहा है। असदुद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि बदायूं उत्तर प्रदेश की जामा मस्जिद को भी निशाना बनाया गया है। अदालत में 2022 में केस किया गया था और उसकी अगली सुनवाई 3 दिसंबर को होगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और उत्तर प्रदेश सरकार भी केस में पार्टी हैं। दोनों को 1991 एक्ट के अनुसार अपनी बात रखनी होगी। ओवेसी ने कहा कि शर पसंद हिंदुत्ववादी तंज़ीमें किसी भी हद्द तक जा सकती हैं, उन पर रोक लगाना भारत के अम्न और इत्तिहाद के लिए बहुत जरूरी है। हिंदुत्ववादी तंज़ीमों को शर पसन्द कहने पर ओवेसी को ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने कहा है कि संभल में पुलिस पर पत्थर फेंकने वालों को ओवैसी शर-पसन्द नहीं समझते वो तो शान्तिदूत हैं। बदायूं का यह पूरा का पूरा मामला साल 2022 में शुरू हुआ। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश संयोजक मुकेश पटेल ने दावा किया कि जामा मस्जिद की जगह पहले नीलकंठ मंदिर था। उन्होंने यहां पर पूजा करने की इजाजत मांगने के लिए याचिका दायर की थी। शम्सी शाही मस्जिद इंतजामिया कमेटी के वकील असरार अहमद ने दावा किया कि मस्जिद करीब 850 साल पुरानी है और वहां मंदिर का कोई अस्तित्व नहीं है। हिंदू महासभा को इस मामले में याचिका दायर करने का अधिकार ही नहीं है। वहीं याचिकाकर्ता के वकील विवेक रेंडर ने कहा कि उन्होंने कोर्ट में ठोस सबूत पेश किए हैं। रेंडर ने कहा कि वे मामले के चलने योग्य न होने के बारे में मुस्लिम पक्ष की दलीलों का भी जवाब देंगे। रेंडर ने कहा कि उनकी दलीलें खत्म होने के बाद हम भी इसका जवाब देंगे। ओवैसी ने एक इंटरव्यू में संभल से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि देश में प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के तहत किसी भी धर्मस्थल में कोई बदलाव नहीं किया जा सकता है, जब इस तरह का कानून बना हुआ है, तो फिर निचली अदालतों को इस कानून के तहत ही फैसला लेना चाहिए। ओवैसी से जब यह सवाल किया गया कि क्या उन्हें सर्वे से डर लगता है, तो ओवैसी ने कहा कि सर्वे से डर नहीं लगता है खौफ होता है कि इससे देश की सामाजिक संरचना को नुकसान पहुंचता है। देश में कानून-व्यवस्था के मसअले पैदा होंगे। इस तरह सर्वे 1991 के प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट के खिलाफ है। बाबरी मस्जिद और राम मंदिर को छोड़कर किसी अन्य मसले को इस तरह से कोर्ट में नहीं ले जाया जा सकता। संत महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज ने ओवैसी पर पलटवार किया है। स्वामी चक्रपाणि ने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी, हमें लगता है कि गाजा फूंककर बयान देते हैं। वह खुद न्याय से डरते हैं। उनके पूर्वजों मुगलों द्वारा किया गया काम सामने आ रहा है। वह विक्टिम कार्ड खेलते हैं, मुस्लिम कार्ड खेलते हैं। उनकी बात में कोई दम नहीं है। सर्वे में दूध का दूध और पानी का पानी होगा। स्वामी चक्रपाणि ने कहा कि अजमेर दरगाह में सर्वे की याचिका कोर्ट ने स्वीकार कर ली है। कोर्ट ने कुछ न कुछ देखा होगा। किसी का अगर 500 साल से कब्जा है, तो इसका मतलब ये नहीं कि वो चीज उसकी हो जाएगी। मंदिर अगर हजारों साल भी पुराने हैं, तो उसमें देवता की पूजा होगी। केस डालने वाले ने जो प्रमाण पेश किया, कोर्ट ने उसको देखकर ही सर्वे का आदेश दिया होगा। मुगलों के कारनामे सामने आने की वजह से असदुद्दीन ओवैसी हताश हो गए हैं। यहां न्याय मिलेगा। अजमेर मामले की याचिका में रिटायर्ड जज हरबिलास सारदा की एक किताब का जिक्र है। इसमें उन्होंने दरगाह के निर्माण में मंदिर का मलबा होने का दावा किया है। साथ ही गर्भगृह और परिसर में एक जैन मंदिर होने की बात कही गई है। तहखाने में शिवलिंग होने का दावा इस किताब में दावा किया गया है कि दरगाह के भीतर एक तहखाना है, जहां पर शिवलिंग मौजूद है। यह भी कहा गया है कि इस शिवलिंग की पारंपरिक रूप से एक ब्राह्मण परिवार पूजा करता है। याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता के वकील योगेश सिरोजा ने बताया कि हमने मांग की है कि अजमेर दरगाह का सर्वेक्षण एएसआई के माध्यम से किया जाए और वहां पर हिंदुओं को पूजा का अधिकार दिया जाए। ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के दौरान तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने एक मौखिक टिप्पणी की थी, वह टिप्पणी बहुत महत्वपूर्ण है। माना जा रहा है कि उसी टिप्पणी के बाद मस्जिदों के नीचे मंदिरों के अस्तित्व की जांच के लिए सर्वे कराए जाने की याचिकाएं दाखिल की जा रही हैं। भारत के पिछले चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने ज्ञानवापी मामले की सुनवाई के दौरान मई 2022 में एक मौखिक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991, 15 अगस्त 1947 की स्थिति के अनुसार, किसी भी संरचना के धार्मिक चरित्र की जांच करने पर रोक नहीं लगाता है। उपासना स्थल अधिनियम उस समय अस्तित्व में आया, जब राम जन्मभूमि आंदोलन चरम पर था। सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिनियम को संवैधानिक मान्यता देते हुए इसे वैध ठहराया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह अधिनियम दर्शाता है कि इतिहास और उसकी गलतियों का इस्तेमाल वर्तमान और भविष्य को दबाने के हथियार के रूप में नहीं किया जाएगा, लेकिन तत्कालीन चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने ज्ञानवापी की मस्जिद कमिटी से कहा था कि वो अपनी आपत्तियां ट्रायल कोर्ट के सामने दायर करे। तत्कालीन सीजेआई की इस मौखिक टिप्पणी को ट्रायल कोर्ट और बाद में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कानूनी अधिकार के तौर पर लिया। इन अदालतों ने कहा कि पूजा स्थल अधिनियम के तहत इस तरह के मामलों पर रोक नहीं है। इसके बाद मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मामले में भी सुनवाई को जारी रखने की मंजूरी मिली। उपासना स्थल अधिनियम को हथियार मानने वाले लोग, तत्कालीन सीजेआई की मौखिक टिप्पणी से बहुत दुःखी हैं, क्योंकि उनका मानना है कि इसी कारण मस्जिदों की जांच की याचिकाएं अदालतें स्वीकार कर रही हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

"खाज" "बहुत" "आंदोलन" "कैमरा"

गले में खाज सी होने लगी है अब चमचो,
बहुत दिनों से कोई कैमरा नहीं देखा।
कहीं तो कीजिये कोई तो आंदोलन हो,
बहुत दिनों से कोई कैमरा नहीं देखा।

मंत्री ने चेयरपर्सन संग किया नगरीय विकास को लेकर मंथन

- सड़क निर्माण, सौन्दर्यीकरण के साथ सफाई में सुधार पर जोर
- पथ-प्रकाश के विद्युतीकरण कार्य में सुधार कराने के निर्देश

नगर मजिस्ट्रेट ने बुधवार को बुलाए कंपनी-पालिका अधिकारी

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने शहर में सफाई व्यवस्था ठप होने और सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को देखते हुए अब बुधवार को बैठक बुलाई है। इस बैठक में कंपनी और पालिका के अधिकारी और हड़ताल करने वाले कर्मचारियों को बुलाया गया है, ताकि भविष्य में नगर क्षेत्र में ऐसी कोई समस्या पैदा न हो सके। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने बताया कि कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया था, इन सफाई कर्मियों के हितों की पूर्ति करने का दायित्व दिल्ली की एमआईटूसी कंपनी का है, इसमें पालिका की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि पालिका से भी प्रकरण में जानकारी मांगी गई है। इसमें समाधान के लिए बुधवार को बैठक बुलाई गई है। उन्होंने बताया कि रविवार को कंपनी द्वारा वेतन दिए जाने के मिले आश्वासन पर कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। कंपनी को हर हाल में मंगलवार को वेतन देने के लिए कहा गया है।

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। नगर विधायक एवं योगी सरकार में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने रविवार को पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप से नई मंडी स्थित आवास पर नगर के विकास कार्यों पर मन्त्रणा की। मंत्री और चेयरपर्सन के बीच इस दौरान सड़क निर्माण, पथ प्रकाश व सफाई की व्यवस्था दुरुस्त किए जाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि नगर के मुख्य मार्गों पर साइड में पटरी का निर्माण, चौराहों का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइटें, बेहतरीन सफाई व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा करते हुए इसमें सुधार का खाका खींचा।

उन्होंने बताया कि भोपा रोड़ पर विश्वकर्मा चौक से जानसठ रोड़, भोपा पुल से नाथ फार्म तक, मेरठ रोड़ पर मीनाक्षी चौक से सूजडू चुंगी, मीनाक्षी चौक से फक्करशाह चौक होते हुए ईदगाह शामली रोड तक, हनुमान चौक से काली नदी तक, शहीद बचन सिंह मूर्ति से नावल्टी चौक तक, टाउनहॉल रोड़, आदर्श कॉलोनी लिंक रोड़, रुड़की रोड़ पर जिला अस्पताल से रुड़की चुंगी तक के मार्गों का चौड़ीकरण, साइड की पटरी का निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, झाँसी की रानी व अहिल्याबाई चौक का सौन्दर्यीकरण कराए जाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने भोपा रोड़ पुलिस चौकी से शहीद प्रेमपाल चौक होते हुए अलमासपुर चौक तक, जानसठ पुल से बाईपास तक, विश्वकर्मा चौक से जानसठ रोड़ होते हुए एटू जेड चौक तक के विद्युतीकरण एवं स्ट्रीट लाइट को लगाने का कार्य करने के साथ ही सौन्दर्यीकरण किए जाने पर विचार-विमर्श किया। इसके साथ मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने, सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने, उनके वेतन संबंधी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराए जाने के लिए अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार से मौके पर ही वार्ता करते हुए व्यवस्था में सुधार कराने के साथ आवश्यक निर्देश दिये।

ड्यूटी आमद पर पीआरडी गार्ड लिखे जाने पर भड़के जवान

- विकास भवन को घेर किया घंटों तक हंगामा, जताया विरोध - ड्यूटी आमद पर फिर जवान लिखे जाने पर निपटा विवाद

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। प्रदेश में ड्यूटी आमद पर पीआरडी गार्ड लिखे जाने के विरोध में शनिवार को दर्जनों पीआरडी जवानों ने विकास भवन में पहुंचकर हंगामा किया। इस बीच गुस्साए पीआरडी जवानों ने इस माह की ड्यूटी भी लेने से इंकार कर दिया। विभाग की ओर से की गई उक्त कार्रवाई से गुस्साए पीआरडी के जवानों का कहना है कि जब तक ड्यूटी आमद में संशोधन करते हुए फिर से पीआरडी जवान अंकित नहीं किया जाएगा, तब तक कोई भी पीआरडी जवान कहीं भी ड्यूटी नहीं करेगा। शनिवार को ड्यूटी आमद पर पीआरडी गार्ड लिख दिए जाने के विरोध में विकास भवन में पहुंचे इन पीआरडी जवानों ने जिले के अधिकारियों पर शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया। शनिवार को विकास भवन कार्यालय पर हंगामे की सूचना मिलने पर वहां क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुधा सिंह और अजय कुमार मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पीआरडी के जवानों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे अपनी जिद पर अड़े रहे। जिला युवा कल्याण विभाग में वर्तमान में करीब 450 पीआरडी जवान हैं। वहीं जनपद में करीब 370 ड्यूटी पाइंट है। इन ड्यूटी पाइंट पर लखनऊ स्तर से ही ऑनलाइन पीआरडी जवानों की ड्यूटी लगती है। इस बार एक दिसम्बर को सभी पीआरडी जवानों की ड्यूटी में परिवर्तन हुआ है। इस दौरान ड्यूटी आमद में पीआरडी जवान के स्थान पर पीआरडी गार्ड अंकित हो गया, जिसका पीआरडी जवानों ने मेरठ रोड स्थित विकास भवन में पहुंच कर जमकर विरोध करते हुए हंगामा किया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुधा सिंह ने पीआरडी जवानों को समझाते हुए उक्त ड्यूटी आमद में फिर से अब पीआरडी जवान ही अंकित करने के लिए कहा है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद पीआरडी के जवानों का हंगामा शांत हुआ।

जन आक्रोश रैली निकालेंगे 22 दिसम्बर को

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बुस.)। आज महिला मोर्चा क्रांति सेना की जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी ने प्रकाश चौक स्थित कार्यालय पर एक मीटिंग रखी। मीटिंग का संचालन मिथिलेश गिरी, जिला उपाध्यक्ष ने किया, जिसमें उन्होंने कहा कि हमारी जो 22 दिसंबर में विराट जन आक्रोश रैली निकाली जायेगी। इसलिए आज मीटिंग रखी गई है, जिसमें महिलाओं को जागरूक होने की बात कही गई है और महिलाएं भी बढ़-चढ़कर इस रैली में हिस्सा लेंगी। रैली में तीन मुद्दे हैं विस्फोटक रूप से बढ़ रही मुस्लिम आबादी पर अंकुश, शिक्षित युवाओं को रोजगार दो या बेरोजगारी पर अंकुश और तीसरा मुद्दा है वक्फ बोर्ड को समाप्त कर सनातन धर्म का गठन किया जाए। यह रैली 22 दिसंबर को हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली जाएगी। टाउन हॉल में एक बहुत बड़ा कार्यक्रम रहेगा, जिसमें हमारे यह तीन मुद्दे रहेंगे। महिलाएं अपनी मांगों को लेकर भी बराबर लड़ाई लड़ती रही हैं और आगे भी लड़ती रहेंगी। इस अवसर पर आज जिला अध्यक्ष पूनम चौधरी, महानगर अध्यक्ष शालू चौधरी, अंजू त्यागी जिला महामंत्री, पूनम चाहल जिला उपाध्यक्ष, सुमन, अनीता, कविता, संतोष, कंचन बाटला जिला संगठन मंत्री, मीनू शर्मा जिला उपाध्यक्ष, मिथिलेश गिरी जिला उपाध्यक्ष, अनोखी दूबे मीडिया प्रभारी, ममता चौधरी जिला सचिव, पूनम गर्ग नगर उपाध्यक्ष, निधि शर्मा नगर महासचिव उर्मिला आदि सैकड़ों महिलायें उपस्थित रही।

मिथलेश पाल ने शिवचौक पर टेका माथा, लिया आशीर्वाद

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। मीरापुर विधानसभा सीट पर हाल में हुए उपचुनाव में रालोद भाजपा गठबंधन से विजयी होने के बाद लखनऊ शपथ ग्रहण कर नगर में पहुंची विधायक मिथलेश पाल ने शिववचौक पर पहुंचकर बाबा आशुतोष के समक्ष माथा टेका। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

कोरी एकता मंच ने वीरांगना झलकारी बाई की मनाई जयंती

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बु.)। वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच के बैनर तले रविवार को रुड़की रोड स्थित एक बैंकट हॉल में जयंती समारोह आयोजित किया गया। वीरांगना झलकारी बाई की 194वीं जन्म जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा व मीरांपुर विधायक मिथलेश पाल मौजूद रही। वीरांगना झलकारी बाई कोरी एकता मंच की ओर से आयोजित किए जन्म जयंती समारोह में मुख्य अतिथि श्री वर्मा ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई से प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा करते हुए अपने प्राणों को न्यौछावर करने और राष्ट्र की मजबूती एवं अखंडता पर जोर दिया। उन्होंने आह्वान किया कि हमें वीरांगना झलकारी बाई से प्रेरणा लेनी चाहिए। विधायक मिथलेश पाल ने कोरी-भुर्इनार समाज के प्रमाण पत्र पर आ रही समस्याओं को भी जल्द से जल्द निस्तारण करने का समाज को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई से प्रेरणा लेकर समाज को मजबूत करने का कार्य करने की दृढ़ इच्छा रखनी चाहिए। इस दौरान मुख्य रूप से मोहन लाल कोरी, सदन कोरी, धर्मेंद्र कोरी, रजनीश कोरी, वेदपाल भुईयार, प्रेम कोरी, देवेन्द्र कोरी व रोहित कोरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन मोहित कोरी व अध्यक्षता अनिल पटवारी ने किया।

आवश्यकता है
STUDENT LIBRARY
में कार्य करने हेतु अनुभवी
STAFF की आवश्यकता
MALE / FEMALE
Timing- 7:00 AM To 7:00 PM
SALARY- योग्यता के अनुसार
STUDENT LIBRARY
153/1 ऋषि स्वीट्स के सामने वाली गली, निकट प्रकाश चौक, मुजफ्फरनगर
M. 7300849833,6396785867

ग्रामीण पर दरांती से हमला कर किया घायल

जानसठ, 01 दिसम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी दंपति ने उसके गले पर दरांती मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। क्षेत्र के गांव राजपुर कलां निवासी सुभाष पुत्र जयपाल ने थाने में तहरीर दी। उसने तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को खेत पर जा रहा था। जैसे ही वह रास्ते में रतन पुत्र मुख्त्यारा के खेत के पास पहुंचा तो, वहां पर पहले से मौजूद रमेश पुत्र जयपाल व उसकी पत्नि अमरेश दोनों ने उसे पकड़ लिया। वह कहने लगे कि तुम हमारी बहुत शिकायत करते हो, और गाली-गलौच करते हुए गन्ने के खेत में खींच लिया। उसने तहरीर में बताया कि रमेश ने मेरे गले पर दरांती मार दी। उसकी पत्नी ने भी मेरे साथ मारपीट की। दोनों ने मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट की। दरांती लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपित दंपती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

संकल्प गौशाला एवं गोधन चिकित्सा केंद्र

मुजफ्फरनगर, 01 दिसम्बर (बुस.)। रविवार को प्रातः कालीन बेला में "भारत विकास परिषद संकल्प सेवा ट्रस्ट" द्वारा निमार्णाधीन संकल्प गौशाला एवं गौधन चिकित्सा केंद्र निकट श्रीकृष्णा गौशाला, पचेण्डा रोड में सर्वप्रथम गौमाता के आगमन के पावन अवसर पर गौमाता की पूजा अर्चना एवं वंदन कर स्वागत किया गया। पंडित मनसुख शर्मा द्वारा गौ-पूजन का कार्य संपन्न कराया गया, गो-पूजन यजमान श्रीमती एवं श्री अशोक तायल रहे। मुख्य अतिथि के रूप में शशिकांत मित्तल, प्रांतीय अध्यक्ष एवं संदीप कुमार जैन प्रांतीय वित्त सचिव, भारत विकास परिषद रहे। इस अवसर पर सुभाष चंद्र गुप्ता, कुलदीप गुप्ता,जगदीश पालीवाल, कमल गोयल, ओम कुमार गर्ग, विष्णु स्वरूप अग्रवाल, मित्रसेन कथूरिया, रवि नंदन, प्रेम प्रकाश अरोरा, शिशु कांत गर्ग, राजेश मोहन गोयल, अतिन संगल, मनोज सेठी, जयप्रकाश गोयल, जयप्रकाश गर्ग, राधेश्याम गर्ग, मनोज कुमार गर्ग, पंकज बंसल, कीमती लाल जैन, एड. रोहिताश करनवाल, एड. प्रेम प्रकाश, प्रमोद कुमार गुप्ता, सौरभ गर्ग, कमल गुप्ता, कृष्णम, माधव, विभा गर्ग, शुभ्रा गुप्ता आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन को आवश्यकता
कम्प्यूटर ऑपरेटर की जिसको क्वार्क में पेज बनाना आता हो एवं हिन्दी भाषा के टाईपिंग कार्य में निपुण हो
मिलने का समय :- प्रातः10 बजे से सायं 5 बजे तक
दैनिक मुजफ्फरनगर बुलेटिन
224, साउथ सिविल लाईन, निकट मीनाक्षी चौक, मुजफ्फरनगर

मुख्य सचिव होंगे नई बिजली कंपनियों के अध्यक्ष, बिजली कर्मी छह को करेंगे प्रदर्शन

लखनऊ, 1 दिसंबर (एजेंसी)। दक्षिणांचल व पूर्वांचल विद्युत वितरण निगमों को विघटित कर बनने वाली पांच नई कंपनियों के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। कंपनियां डिस्कॉम की प्रापर्टी का किसी तरह का उपभोग नहीं कर पाएंगी। नई कंपनियों को लेकर शनिवार को पावर कॉर्पोरेशन की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि मुख्य सचिव के अध्यक्ष होने से अधिकारियों, कर्मचारियों, किसानों एवं उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रहेगा। रिफॉर्म में शामिल होने वाली निजी कंपनियों के लिए बिडिंग पूरी तरह खुली और पारदर्शी होगी। इस प्रक्रिया में कंपनियों को जमीन का स्वामित्व नहीं दिया जाएगा। जमीन का स्वामित्व पावर कॉर्पोरेशन एवं राज्य सरकार का ही रहेगा। कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बताया कि इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 की धारा-133 में स्पष्ट है कि किसी भी कार्मिक की छंटनी नहीं होगी। बिजली के निजीकरण के फैसले के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मचारी और इंजीनियर लामबंद हो गए हैं। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम और चंडीगढ़ पावर डिपार्टमेंट को निजी हाथों में सौंपने के खिलाफ 6 दिसंबर को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष लांबा ने चेतावनी दी है कि अगर बिजली के हितधारकों (कर्मचारियों एवं उपभोक्ताओं) के शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से किए जा रहे विरोध की अनदेखी कर-के जल्दबाजी में निजीकरण के फैसले को अमलीजामा पहनाने का प्रयास किया तो जिस दिन निजी कंपनी टेकओवर करेगी उसी दिन कर्मचारी और इंजीनियर कार्य बहिष्कार कर सड़कों पर उतरने पर मजबूर होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी यूपी सरकार व चंडीगढ़ प्रशासन की होगी।

जब नजमा ने बर्लिन से फोन किया तो सोनिया ने फोन पर करवाया एक घंटे इंतजार

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। साल 1999 में नजमा हेपतुल्ला जब अंतर संसदीय संघ (आईपीयू) की अध्यक्षता चुनी गईं, तो उन्होंने बर्लिन से तत्कालीन कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी को यह खुशखबरी देने के लिए फोन किया। लेकिन उन्हें फोन पर एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। फोन पर उन्हें इंतजार इसलिए करना पड़ा क्योंकि सोनिया गांधी के स्टाफ ने उन्हें बताया कि 'मैडम बिजी हैं'। इस घटना का जिक्र हेपतुल्ला ने अपनी नई किताब 'लोकतंत्र की खोजः पार्टी की सीमाओं के पार' (इन परस्यूट ऑफ डेमोक्रेसीः बियोंड पार्टी लाइंस) में किया है। राज्य सभा की पूर्व उप सभापति हेपतुल्ला साल 2004 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई थीं। अपनी आत्मकथा में हेपतुल्ला ने बताया कि आईपीयू की अध्यक्षता मिलना उनके लिए ऐतिहासिक रूप से पहला और बड़ा सम्मान था, जो उनकी भारतीय संसद से विश्व संसदीय मंच तक की यात्रा को दशार्ता है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले उन्होंने (तत्कालीन) प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को बर्लिन से फोन किया और उनकी कॉल तुरंत रिसीव हुई। उन्होंने कहा, जब उन्होंने (अटल बिहारी वाजपेयी) यह खबर सुनी, तो वह बहुत खुश हुए। क्योंकि भारत को यह पहला सम्मान मिला था और दूसरा यह एक भारतीय मुस्लिम महिला को मिला था। उन्होंने कहा- आप वापस आओ और हम इसका जश्न मनाएंगे। मैं तुरंत उप राष्ट्रपति कार्यालय से भी संपर्क कर सकीं।

पीएम मोदी लेंगे सनातन बोर्ड के गठन का फैसला, अखाड़ा परिषद भेजेगा प्रस्ताव

प्रयागराज, 1 दिसंबर (एजेंसी)। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने कहा कि 26 जनवरी को महाकुंभ के दौरान एक धर्म संसद आयोजित की जाएगी। इसमें सभी चार पीठों के शंकराचार्य और 13 अखाड़ों के प्रमुखों सहित देश भर के प्रमुख साधु-संत संगम पर एकत्र होंगे। उन्होंने कहा, संसद एक सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव शीर्ष नेतृत्व को भेजा जाएगा। कहा कि सनातन धर्म की रक्षा और उसके संवर्धन के लिए बोर्ड का गठन जरूरी है। कहा कि इस साल के महाकुंभ के लिए, योजना तीन साल पहले शुरू हुई थी, जिसमें भारत और विदेश से आने वाले भक्तों के लिए प्रसाद उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक संसाधन जुटाना शामिल था। उन्होंने कहा कि एक बार में 5,000 भक्तों को प्रसाद परोसने की व्यवस्था की गई है। महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में होगा। रवींद्र पुरी ने कहा कि तपस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन का ऐसा परचम लहराया है कि देश विदेश की नजरें भारत पर आकर टिक गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन की परंपरा को बुलंद किया है।अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि आगामी 26 जनवरी को महाकुंभ में धर्म संसद का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें देश भर के प्रमुख साधु संत हिस्सा लेंगे। यहीं से सनातन बोर्ड के गठन का प्रस्ताव तैयार होगा। जिसे केंद्र सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। हम चाहते हैं कि जो भी बोर्ड बने वह केंद्र सरकार से मान्यता प्राप्त हो। साथ ही हमारी कोशिश है कि इस बोर्ड में कोई भी त्रुटि नहीं होनी चाहिए। 26 जनवरी को संगम की रेती पर चारों पीठ के शंकराचार्य, 13 अखाड़ों के प्रमुख संतों और अन्य धमार्चार्यों को आमंत्रित किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडाः निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी

ग्रेटर नोएडा, 1 दिसंबर (एजेंसी)। नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले बांग्लादेशी गैंग का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 3.86 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में की गई। शिकायत में बताया गया था कि सिलीगुड़ी स्थित चाकी ट्रेडिंग हाउस के मालिक सौगाता चाकी और बांग्लादेश निवासी गलाम अली ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से करोड़ों रुपये हड़पने की योजना बनाई थी संतोष कुमार चौबे ने आरोप लगाया था कि उन्हें बांग्लादेश से लेटर्स ऑफ क्रेडिट लाने और निवेश पर 7 प्रतिशत से 12 प्रतिशत मासिक रिटर्न देने का वादा किया गया था। इसी बहाने उनसे 3.86 करोड़ की राशि उनके व्यक्तिगत और व्यावसायिक खातों में ट्रांसफर करवाई गई थी।

बेटे ने की लव मैरिज तो पंचायत ने बूढ़ी मां को सुना दी सजा

बिजनौर, 1 दिसंबर (एजेंसी)। सजातीय युवक-युवती की प्रेम कहानी के सुखद अंत के बीच प्रेमी की 80 वर्षीय बूढ़ी मां और छोटे भाई-बहन को पंचों ने सजा सुना दी। पंचायत ने परिवार का गांव से बहिष्कार करने का एलान कर दिया। किसी भी आयोजन में न्योता न देने और किसी के खेत में घुसने तक पर पाबंदी लगा दी। इस तुगलकी फरमान से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पुलिस-प्रशासनिक के अधिकारी तहरीर मिलने पर कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। मामला स्योहारा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। अनुसूचित जाति की युवती अपने लग्न रिश्ते से तीन दिन पूर्व घर के सामने ही रहने वाले सजातीय युवक के साथ चली गई थी। पुलिस ने दोनों को बरामद कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय ने दोनों को बालिग मानते हुए साथ रहने की इजाजत दे दी। शुक्रवार को इस मामले में एक पंचायत हुई, जिसमें पूरा गांव शामिल हुआ। पंचायत ने युवक की बूढ़ी मां को खूब खरी खोटी सुनाई। इसके बाद ग्राम प्रधान जैसे गणमान्य लोगों के बीच पंचों ने अपना फैसला सुनाया। इसमें युवक की मां और छोटे भाई-बहन को गांव के किसी भी कार्यक्रम में न्योता न देने और किसी के भी खेत में घुसने पर रोक लगा दी गई। इस तुगलकी फरमान पर पूरे गांव ने अपनी सहमति की मुहर लगा दी। बूढ़ी मां अपनी डबडबाई आंखों से पूरा मंजर देखती रही। पड़ोसी युवक और युवती का फरार होना पूरे गांव के लिए बदनामी की बात है। ग्राम प्रधान सोनू कुमार का कहना है कि गांव में पंचायत हुई थी, जिसमें कुछ सख्त फैसले लेने का विचार बनाया गया था, ताकि भविष्य में कोई ऐसा न कर सके। मगर, परिवार के बहिष्कार का मामला मेरे संज्ञान में नहीं है।

##

विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी आप, केजरीवाल ने किया बड़ा एलान

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा एलान किया है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह दिल्ली में अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। हरियाणा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी के कई नेताओं ने कहा था कि दिल्ली में कांग्रेस के साथ आप का गठबंधन नहीं होगा। आप के साथ लोकसभा चुनाव में गठबंधकर करके देख चुके हैं। लोकसभा में कांग्रेस के साथ गठबंधन से कोई फायदा नहीं हुआ था। इसके बाद हरियाणा में सीटों के झगड़े को लेकर गठबंधन नहीं हो सका था। दिल्ली में आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी, इसके संकेते तो हरियाणा चुनाव के वक्त ही मिल गए थे, जब सीटों को लेकर कांग्रेस और आप के बीच मामला फंस गया था।

भाजपा नेता का दावा- महाराष्ट्र के सीएम पद के लिए देवेंद्र फडणवीस का नाम तय

मुंबई, 1 दिसंबर (एजेंसी)। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को दावा किया कि, महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस का नाम तय हो गया है। नाम न बताने की शर्त पर उन्होंने पीटीआई को बताया कि भाजपा विधायक दल की बैठक 2 या 3 दिसंबर को होगी। नई

महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर की शाम को दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसमें शामिल होंगे। फडणवीस दो बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। हालांकि दूसरा कार्यकाल कुछ दिनों का था। वे निवर्तमान एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। इससे पहले महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को कहा कि राज्य के नए मुख्यमंत्री के बारे में भारतीय जनता पार्टी फैसला करेगी जिसका वह पूरा समर्थन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के गठन को लेकर महायुति के सहयोगियों के बीच कोई मतभेद नहीं है।

बांग्लादेश में भारतीय बस पर हमला, यात्रियों को जान से मारने की दी धमकी; भारत विरोधी नारे भी लगाए

अगरतला, 1 दिसंबर (एजेंसी)। त्रिपुरा के परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने आरोप लगाया कि अगरतला से कोलकाता जा रही एक बस पर बांग्लादेश में हमला किया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना बांग्लादेश के ब्राह्मणबारिया जिले के विश्व रोड पर हुई। चौधरी ने शनिवार को फेसबुक पर बस की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि त्रिपुरा से कोलकाता जा रही श्यामली परिवहन बस पर बांग्लादेश में हमला किया गया। इस घटना से बस में सवार भारतीय यात्री सहम गए। मंत्री ने कहा कि बस अपनी लेन में चल रही थी, तभी एक ट्रक ने जानबूझकर उसे टक्कर मार दी। इस दौरान एक ऑटो रिक्शा बस के सामने आ गया। बस और ऑटो रिक्शा की टक्कर हो गई। मंत्री ने कहा कि इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बस में सवार भारतीय यात्रियों को धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने भारत विरोधी नारे भी लगाए और भारतीय यात्रियों के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। परिवहन मंत्री सुशांत चौधरी ने कहा कि मैं इस घटना की कड़ी निंदा करता हूं और पड़ोसी देश के प्रशासन से भारतीय यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह करता हूं। कोलकाता और अगरतला के बीच बसों का संचालन ढाका के रास्ते किया जाता है क्योंकि इससे सफर की दूरी आधी से भी कम हो जाती है। यह विमान यात्रा से सस्ती पड़ती है और असम के रास्ते ट्रेन से यात्रा करने की तुलना में इसमें कम समय लगता है। ट्रेन यात्रा में आमतौर पर 30 घंटे से अधिक समय लगता है।

महंगी लग्जरी कार में आए बैटरी चोर, कैद हुए कैमरे में

मुजफ्फरनगर, 1 दिसंबर (बु.)। चोर किस रूप में आ जाएं, कुछ कहा नहीं जा सकता। बुढ़ाना में महंगी लग्जरी कार में सवार होकर आए बदमाशों ने जनरेटर की बैट्री चुरा ली। फिल्मी स्टाइल में इस पूरी घटना को अंजाम दिया और आराम फरार हो गए। चोरों की यह हरकत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस अब वीडियो के आधार पर इन चोरों की तलाश में जुट गई है। रात के सन्नाटे का लाभ उठाकर बदमाशों ने चोरी की ऐसी हरकत को अंजाम दिया, जिसे देखकर पुलिस भी हैरान है। बुढ़ाना कस्बे के बड़ौत रोड की सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए चोरों की हरकत कैद हो गई है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि पहले एक चोर ने इलाके की रैकी की। इसके बाद लग्जरी कार में आए तीन चोरों ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह भी माना जा रहा है कि वारदात में इस्तेमाल कार भी चोरी की होगी।

आप विधायक नरेश बालियान को कोर्ट में पेश

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बालियान को जबरन उगाही के एक मामले में गिरफ्तार किया। विधायक नरेश बालियान को आज यानि रविवार को कोर्ट ने पेश किया गया। अदालत से पांच दिन की रिमांड की मांग की गई है। विदेश में बैठे गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू से बातचीत का एक ऑडियो क्लिप सामने आने के बाद यह गिरफ्तारी की गई। ऑडियो क्लिप में गैंगस्टर व विधायक के बीच व्यापारियों से जबरन वसूली के लेकर बातचीत हो रही है। हाल ही में आप को छोड़कर बीजेपी का दामन थामने वाले कैलाश गहलोत ने सनसनीखेज दावा करते हुए कहा है कि 'इसे साजिश कहना गलत होगा, क्योंकि यह मामला एक साल से सभी के संज्ञान में है कि विधायक और गैंगस्टर के बीच संबंध है।' गहलोत ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और राष्ट्रीय संयोजक को इसके बारे में जानकारी होने के बावजूद पार्टी ने कोई कार्रवाई नहीं की।

पीलीभीत सेक्शन में पटरी दो हिस्सों में टूटी, ट्रेनों का आवागमन हुआ बाधित

पीलीभीत 01 दिसंबर (वार्ता) पीलीभीत रेल सेक्शन में पूरनपुर मैलानी ब्रॉडगेज रेलपथ पर रविवार सुबह साढ़े छह बजे मैलानी की ओर से एक मालगाड़ी पूरनपुर से दुधिया खुर्द स्टेशन के लिए रवाना हुई। जिले के दूधिया खुर्द रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन संदिग्ध परिस्थितियों में टूटी हुई पाई गई। ग्रामीणों का कहना है कि मालगाड़ी के गुजरते समय धर्मापुर गांव के पास तेज आवाज के बाद अचानक रेल पटरी दो हिस्सों में बंट गई थी। ग्रामीणों की सूचना पर धर्मापुर खुर्द स्टेशन मास्टर ने टूटी रेल पटरी को देखने के बाद विभागीय उच्चाधिकारियों को बताया। तब तकनीकी विभाग के इंजीनियर, टी आई पीके चतुर्वेदी ,कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और टूटी हुई पटरी की मरम्मत शुरू की गई। इस दौरान गुजरने वाले यात्री ट्रेन 10 और तीस किमी प्रतिघंटा की रफ़्तार से गुजारी गई। रेलवे के स्थानीय अधिकारियों के अनुसार पूरनपुर दूधिया खुर्द रेलवे स्टेशन के बीच 218/5 6 के पास यह घटना तब सामने आई, जब रेलवे लाइन से अचानक तेज आवाज आई और पटरी टूटी हुई पाई गई। गनीमत यह रही कि घटना के वक्त ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं थी, वरना

बड़ा हादसा हो सकता था। टूटी रेल पटरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है। रेलवे अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। इस प्रकरण पर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (पीआरओ) राजेंद्र सिह ने मीडिया को बताया कि ठंड के मौसम में पटरियों में दरारें आना आम बात है। टूटी हुई पटरी को दुरुस्त कर मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इसके कारण पीलीभीत की ओर से जाने वाली सबरी गाड़ी संख्या 55357 ट्रेन करीब आधा घंटा विलंब से रवाना हो सकी। इससे पहले पीलीभीत सेक्शन में बरेली रेल पथ की ओर जहानाबाद थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर लोहे का सरिया रखा मिला था। समय रहते इसकी जानकारी मिल गई थी। इस प्रकार की दो घटनाएं घटित होने के बाद रेलवे प्रशासन ने गंभीरता दिखाकर जांच टीमें गठित की हैं और सतर्कता भी बढ़ा दी गई है।

यूपी में नया अस्थायी जिला घोषित, 4 तहसीलों के 67 गांव शामिल

प्रयागराज, 1 दिसंबर (बु।)। महाकुंभ-2025 के लिए रविवार को महाकुंभ नगर जिला घोषित कर दिया गया। यह अस्थायी जिला चार माह के लिए बनाया गया है। प्रयागराज के डीएम रविंद्र कुमार मांदड़ ने इस अस्थायी जिले के लिए अधिसूचना जारी कर दी। यह पूरी तरह से संपूर्ण जिला की ही तरह कार्य करेगा। इसमें भी डीएम, एसएसपी समेत सभी विभागों के पद सृजित किए गए हैं। महाकुंभ नगर के डीएम को सभी प्रकार की शक्तियां और अधिकार प्रदत्त किए गए हैं। एक दिसंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए बनाया गया महाकुंभ नगर का क्षेत्रफल लगभग छह हजार हेक्टेयर है। इसमें चार तहसीलों सदर, सोरांव, फूलपुर व करछना के 67 गांवों को शामिल किया गया है। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के शाही स्नान पर्व पर लगभग छह करोड़ श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान है, जबकि वसंत पंचमी शाही स्नान पर्व पर चार करोड़ और मकर संक्रांति शाही स्नान पर्व पर लगभग ढाई करोड़ श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है। पूरे महाकुंभ के दौरान यहां 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं का अनुमान है, जिसके अनुसार ही सभी प्रबंध भी किए जा रहे हैं।

कहीं इजाजत की आड़ में बिना इजाजत तो नहीं काटे जा रहे कुछ पेड़

मुजफ्फरनगर, 1 दिसम्बर (बु.)। रविवार को भोपा रोड से पचैंडा रोड के बीच एक प्लॉट के बाहर कुछ पेड़ कटे हुए पाए गए। उक्त पेड़ों को देखकर साफ लग रहा था कि उक्त पेड़ भोपा रोड पर इजाजत लेकर काटे जा रहे पेड़ों की आड़ में काटे गए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त पेड़ प्लॉट मालिक के प्लॉट की शोभा को कम कर रहे थे, इसलिए उक्त पेड़ों को कटवा दिया गया। बुलेटिन द्वारा सोशल मीडिया पर जब इसकी सूचना डाली गयी और कहा गया कि यदि उक्त पेड़ों को काटने की अनुमति किसी के पास हो तो वह जरूर दिखाए मगर फिलहाल तो कोई अनुमति दिखाने वाला आया नहीं। हालांकि यह तो विभाग का काम है कि वह खुद जाकर प्लॉट मालिक से पूछे कि उसके पास परमीशन है या नहीं, फिलहाल तो यही प्रतीत हो रहा है कि उक्त पेड़ जोकि भोपा रोड से पचैंडा रोड के बीच एक प्लॉट के निकट कटे मिले हैं, बिना अनुमति के ही काट दिये गए हैं। पर्यावरण के डायलॉग मारने वाले अधिकारियों को इस ओर ध्यान अवश्य देना चाहिए। क्योंकि अधिकांश ऐसे मामलों में विभाग सहमति बनाने के प्रयास में रहता है।

'तीन से अधिक बच्चों को पैदा करने की जरूरत' : मोहन भागवत

मुंबई, 1 दिसंबर (बु.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने जनसंख्या में गिरावट को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने आधुनिक जनसंख्या विज्ञान का हवाला देते हुए बताया कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चला जाता है तो वह समाज धीरे-धीरे पृथ्वी से लुप्त होने की कगार पर होता है। भागवत ने आगे कहा कि दो से ज्यादा बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। हालांकि, उनके इस बयान पर विपक्ष ने प्रतिक्रिया दी। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, "जनसंख्या में गिरावट चिंता का विषय है। आधुनिक जनसंख्या विज्ञान कहता है कि जब किसी समाज की जनसंख्या (प्रजनन दर) 2.1 से नीचे चली जाती है तो वह समाज पृथ्वी से लुप्त हो जाता है। संकट न होने पर भी वह समाज नष्ट हो जाता है। इस तरह अनेक भाषाएं और समाज नष्ट हो गए। जनसंख्या 2.1 से नीचे नहीं जानी चाहिए। हमारे देश की जनसंख्या नीति 1998 या 2002 में तय की गई थी। इसमें यह भी कहा गया है कि किसी समाज की जनसंख्या 2.1 से कम नहीं होनी चाहिए। जनसंख्या विज्ञान का कहना है कि हमें दो या तीन से अधिक बच्चे पैदा करने की आवश्यकता है। समाज को जीवित रखने के लिए संख्या महत्वपूर्ण है।" मोहन भागवत के बयान पर समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता फखरुल हसन चांद नने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से मोहन भागवत जो कुछ कहते हैं, उससे भाजपा को असहज हो जाती है। पिछली बार भी जब मोहन भागवत ने कहा था कि हर मस्जिद में मंदिर क्यों ढूंढना, तब भी भाजपा के पास कोई जवाब नहीं था। भाजपा पूरे देश की जनसंख्या को लेकर राजनीति कर रही है। कांग्रेस नेता उमंग सिंघर ने भी मोहन भागवत के बयान पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, "जो पहले से हैं उनको तो नौकरियां दिलवा दो, नौकरियां है नहीं, फसल की जमीन कम हो रही हैं। मोहन भागवत चाहते हैं कि दो से ज्यादा बच्चे हों। देश में बेरोजगारी बढ़ रही हैआज के युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही फसल की जमीने कम होती जा रही है जबकि जनसंख्या बढ़ती जा रही है। मोहन भागवत चीन से सीख नहीं ले पा रहे और वो जनसंख्या के मामले में देश को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं।" उन्होंने आगे कहा, "मेरा सुझाव है कि मोहन भागवत, पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुरूआत करनी चाहिए। इन्हें जनसंख्या की इतनी चिंता है तो शुरूआत भी इन्हीं से होनी चाहिए।" एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भी मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "भागवत जी कहते हैं कि जनसंख्या बढ़ानी चाहिए, लेकिन क्या वह यह सुनिश्चित करेंगे कि बच्चों को कुछ फायदा मिले? क्या वह गरीब परिवारों को हर महीने 1500 रुपये देंगे?" मोहन भागवत के बयान पर देशभर में बहस तेज हो गई।

संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर विपक्ष ने उठाए सवाल

शाहपुर में जाट महासभा का विशाल सम्मेलन आयोजित

नशाखोरी, दहेज प्रथा, मृत्युभोज और शादी समारोह के अनावश्यक खर्च आदि कुरीतियों से रहें दूर : नरेश टिकैत

▶ बिरादरी में बढ़ते अपराध, घटती जनसंख्या चिंता का विषय-नरेश टिकैत ▶ डेढ़ दर्जन सजातीय वरिष्ठ नागरिकों को किया गया सम्मानित

शाहपुर, 1 दिसम्बर (बु.)। कस्बे के एक फार्म हाउस में जनपद जाट महासभा के द्वारा आयोजित सामाजिक कुरीतियों पर चर्चा व संगठन विस्तार सभा को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि बालियान खाप के चौधरी व भाकियू सुप्रीमो चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि समाज में बढ़ती नशाखोरी, दहेज प्रथा, मृत्यु भोज व शादी विवाह में अनावश्यक खर्च आदि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आना चाहिए । उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा पीढ़ी में नशाखोरी बढ़ी है, वहीं समाज के लोग मृत्युभोज व विवाह-शादी में दिखावा कर अनावश्यक खर्च कर रहे हैं। इन कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा । भाकियू सुप्रीमो ने कहा कि बिरादरी में बढ़ते अपराध व घटती जनसंख्या बिरादरी के लिए चिंताजनक है। इसे दूर करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा बुजुर्गों की अनदेखी कर रहे हैं, जो समाज के पतन का कारण है। इसके अलावा युवा बाइक आदि वाहनों को तेज गति से चलाकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, जो चिंता का कारण है। उन्होंने कहा कि हम सबको यह प्रयास करना होगा कि गांव में आपसी विवाद ना हो यदि आपसी विवाद हो भी जाए तो उसे गांव में ही सुलझा लिया जाए। जनपद जाट महासभा के जिला अध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने कहा कि जनपद जाट महासभा समाज सुधार के कार्य कर रही है। समाज के सभी लोग महासभा का समर्थन कर सहयोग करे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह समाज से जुड़कर समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का कार्य करें । उन्होंने कहा कि सभी समाज के बुजुर्गों का सम्मान करने के साथ आपसी विवाद से बचने का कार्य करें। उन्होंने बताया कि कस्बे में आयोजित कार्यक्रम कस्बे सहित आठ गांव का कार्यक्रम है। जनपद जाट महासभा की गांव दर गांव समितियां बनाई जाएगी जो गांव में समस्याओं को दूर करने का कार्य करने के साथ सामाजिक कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि जनपद जाट महासभा जनपद में जाट भवन का निर्माण करने के लिए प्रयासरत है। संगठन विस्तार के लिए आजीवन सदस्य बनाए जा रहे हैं। सभा की अध्यक्षता तेजपाल सिंह व संचालन जयवीर सिंह व मास्टर राधेश्याम बालियान ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को जिला महासचिव ओमकार अहलावत, युवा जिला अध्यक्ष विपिन बालियान, रामपाल वर्मा, प्रवेंद्र दहिया, अनंगपाल सिंह, देवी सिंह सिम्भालका, यशपाल सिंह व नीटू दुल्हेरा आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी क्षेत्र के गांव प्रधानों सोरम के करणवीर सिंह, गढ़ी की तनु चौधरी, काकड़ा के नीरज बालियान, दुल्हेरा के अरविंद बालियान को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में डेढ़ दर्जन वरिष्ठ नागरिकों को पगड़ी पहनकर में स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया ।

शहीद जवान विवेक देशवाल का मुद्दा छाया रहा, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई

शाहपुर। जाट महासभा के सम्मेलन में क्षेत्र के गांव शाहजुड्ड़ी निवासी शहीद जवान विवेक देशवाल को नरेश टिकैत समेत सभी पदाधिकारियों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मंच से सम्बोधन के दौरान वक्ताओं ने विवेक देशवाल को उचित सम्मान दिए जाने की मांग की। चौधरी नरेश टिकैत ने इस सम्बंध में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर अवगत कराने की बात कही। वक्ताओं ने इस बात पर भी नाराजगी जताई कि शहीद सैनिक विवेक देशवाल की शोकसभा में प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल के अलावा कोई अन्य जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा।

तहसील मजिस्ट्रेट की गाड़ी खराब होने पर लगा जाम

जाम में फंसे बाइक चालकों के बीच जमकर मारपीट

खतौली, 1 दिसम्बर (बु.)। जानसठ रोड स्थित नगर क्षेत्र के रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के ऊपर तहसील के मजिस्ट्रेट श्रद्धा गुप्ता की गाड़ी अचानक खराब होने पर लगे यातायात जाम के दौरान दो बाइक चालकों के बीच पहले निकलने को लेकर हुए विवाद में जमकर मारपीट व एक दूसरे पर हैलमेट से जमकर हुए प्रहारों से वाहन चालकों में अफरा तफरी मच गयी। मौके पर पहुंची कोतवाली चौकी पुलिस ने दोनों बीच हुए विवाद का निपटारा कराकर मामला शान्त किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार को जानसठ रोड स्थित रेलवे ओवर ब्रिज से जा रही तहसील मजिस्ट्रेट की गाड़ी अचानक खराब होकर ब्रिज पर बंद हो गयी। ओवर ब्रिज के ऊपर गाड़ी के अचानक बंद होने पर दोनों ओर वाहनों का लम्बा जाम लग गया। सूचना पर कोतवाली चौकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तथा मजिस्ट्रेट की गाड़ी को धक्का लगाकर हटवाना शुरू किया। बताया जाता है कि इस दौरान जाम में फंसे दो बाइक चालक एक दूसरे से आगे निकलने को लेकर आपस में भिड़ गए तथा तू-तू-मैं-मैं के साथ शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया तथा दोनों बाइक चालकों में एक दूसरे पर हेलमेट से जमकर हमला शुरू कर दिया। दोनों के बीच एक दूसरे पर चले हेलमेट के हमले से जाम में फंसे वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गयी। स्थिति को भांपते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों बाइक चालकों को किसी प्रकार शान्त कर विवाद का निपटारा कराया गया।

चेन्नई एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान फिसला विमान, पायलट की मुस्तैदी से टला बड़ा हादसा

चेन्नई, 1 दिसंबर (एजेंसी)। तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान फेंगल के कारण रेड अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच चेन्नई एयरपोर्ट पर एक विमान की लैंडिंग के दौरान एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दरअसल लैंडिंग के दौरान जैसे ही विमान ने रनवे को छुआ, वैसे ही फिसलने लगा। इस मौके पर पायलट ने मात्र 2-3 सेकेंड में फ्लाइट को हवा में उड़ा लिया। जिससे विमान एयरपोर्ट पर क्रैश होने से बच गया। विमान के लैंडिंग और फिसलने का वीडियो भी सामने आया है। बता दें कि तमिलनाडु में चक्रवाती तूफान फेंगल के कारण मौसम खराब होने से 20 से ज्यादा घरेलू विमान की उड़ानें रद्द कर दी गई थी और 25 से ज्यादा विमानों में देरी हुई थी। बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान फेंगल पुडुचेरी के पास तट से टकराने के बाद रविवार को शांत पड़ गया। इस चक्रवात ने अपने प्रभाव से केंद्र शासित प्रदेश को अस्त व्यस्त कर दिया। बाढ़ग्रस्त इलाकों से लोगों को बचाने के लिए सेना के जवानों को आगे आना पड़ा।



लोगों ने बताया कि पिछवे तीन दशक से उन्होंने ऐसा प्रकोप नहीं देखा। तमिलनाडु के विल्लुपुरम मे भी भारी बारिश ने तबाही मचा दी। मुख्यमंत्री एमके सेटालिन ने जिले में बारिश को अभूतपूर्व करार दिया। शनिवार को चेन्नई एयरपोर्ट पर परिचालन निलंबित कर दिया गया था, लेकिन आधी रात को फिर से शुरू कर दिया गया। कई उड़ाने रद्द भी हो गईं वहीं कई ने देरी से उड़ान भरी।

अरविन्द केजरीवाल पर पानी फेंकने वाले ने बताया क्यों फेंका पानी

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर शनिवार को पानी फेंकने के मामले में मालवीय नगर निवासी अशोक कुमार झा से अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ की गई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। अशोक की निशानदेही पर एक तिहाई पानी से भरा 500 एमएल का गिलास और बोतल जब्त कर ली गई। अशोक कुमार झा के खिलाफ धारा 126/169 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई। आगे की जांच जारी है। मालवीय नगर के सावित्री नगर में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर पानी फेंकने वाले आरोपी बस मार्शल अशोक झा को पुलिस ने 24 घंटे हिरासत में रखने के बाद छोड़ दिया। आरोपी ने आप सरकार की नीतियों से परेशान व दुखी होकर अरविंद केजरीवाल पर पानी फेंका था। पुलिस अधिकारियों का कहना है बस मार्शल ने सिर्फ पानी फेंका था। मौके से सैंपल लेकर रोहिणी स्थिति एफएसएल भेजा जाएगा। दक्षिण जिला पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी युवक अशोक झा को नए कानून की धारा 172 के तहत 24 घंटे हिरासत में रखा गया था। इसके अलावा उसके खिलाफ कलंदरा भी दर्ज किया गया है। उसे रविवार शाम को छोड़ दिया गया।

निचली अदालतों के फैसलों से पैदा हो रहा भय का माहौल: अरशद मदनी

सहारनपुर, 1 दिसंबर (एजेंसी)। जमीयत उलमा-ए-हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि हमारे धार्मिक स्थलों को लेकर निचली अदालतें ऐसे फैसले दे रही हैं, जिससे देश में बिखराव और भय का माहौल पैदा हो रहा है। यह बहुत ही निराशाजनक है। मौलाना अरशद मदनी ने रविवार को जारी बयान में कहा कि इस प्रकार के फैसलों की आड़ में सांप्रदायिक तत्व ही नहीं, कानून के रक्षक भी मुसलमानों के साथ दुश्मनों जैसा व्यवहार कर रहे हैं। यहां तक कि उन्हें अपना पक्ष रखने का अवसर भी नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संभल की घटना कोई मामूली घटना नहीं है, बल्कि यह ऐसा अत्याचार है जो देश के संविधान, न्याय और धर्म निरपेक्षता को आग लगाते हुए कानून की धज्जियां उड़ा रहा है। मौलाना मदनी ने कहा कि निचली अदालतों के फैसलों से सांप्रदायिक तत्वों के हौसले इतने बढ़ गए हैं कि अब उन्होंने अजमेर में स्थित सैकड़ों वर्ष पुरानी ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर भी हिंदू मंदिर होने का दावा कर दिया है। आश्चर्यजनक बात तो यह है कि स्थानीय अदालत ने इस याचिका को सुनवाई के योग्य करार दिया है। ऐसी स्थिति में सुप्रीम कोर्ट ही न्याय और धर्मनिरपेक्ष संविधान के अस्तित्व का अंतिम सहारा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद दिल्ली के प्रेस सचिव फजलुर्रहमान ने बताया कि इबादतगाह सुरक्षा कानून की सांवैधानिक स्थिति पर 4 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। चीफ जस्टिस आफ इंडिया संजीव खन्ना के नेतृत्व वाली दो सदस्यीय पीठ इस मुकदमे की सुनवाई करेगी। जिस पर पूरे देश की निगाहें टिकी हैं। संभल की घटना के बाद जमीयत ने इस अहम मुकदमे पर तुरंत सुनवाई किए जाने का अनुरोध किया था।

कन्नड़ अभिनेत्री शोभिता शिवन्ना ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हैदराबाद, 1 दिसंबर (एजेंसी)। कन्नड़ अभिनेत्री शोभिता शिवन्ना हैदराबाद स्थित आवास में मृत पाई गई हैं। कथित तौर पर उन्होंने आत्महत्या की है। अभिनेत्री टेलीविजन और सिनेमा में अभिनय के लिए जानी जाती थीं। 30 वर्षीय शोभिता ने कथित तौर पर कल यानी 30 नवंबर की देर रात आत्महत्या कर ली। अभिनेत्री की मृत्यु के बाद अब कन्नड़ मनोरंजन उद्योग और उनके प्रशंसकों के बीच शोक का माहौल है। कर्नाटक के हासन जिले के सकलेशपुर की रहने वाली शोभिता शादीशुदा थीं और पिछले दो साल से हैदराबाद में रह रही थीं। उनकी दुखद मौत के पीछे के कारण स्पष्ट नहीं हैं। अधिकारी वर्तमान में मामले की जांच कर रहे

हैं। शुरूआती जांच में आत्महत्या की संभावना जताई गई है। उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अंतिम संस्कार के लिए अभिनेत्री के शव को बेंगलुरु लाया जा सकता है। इस मामले में पीएस गाचीबोवली पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने जानकारी देते हुए कहा कि कन्नड़ अभिनेत्री शोभिता शिवन्ना अपार्टमेंट में मृत पाई गईं। उन्होंने कथित तौर पर पीएस गाचीबोवली की सीमा के भीतर कोंडापुर में अपने आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए गांधी अस्पताल भेज दिया।

सेक्यूलर जमात ने अजमेर को लेकर लिखी मोदी को चिट्ठी

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसी)। एक स्थानीय अदालत द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह के सर्वेक्षण का आदेश देने के कुछ दिनों बाद पूर्व नौकरशाहों और राजनयिकों के एक समूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक चिट्ठी लिखी। उन्होंने पीएम मोदी से उन सभी अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग की जो भारत की सभ्यतागत विरासत पर वैचारिक हमला है। नौकरशाहों और राजनयिकों के समूह ने बताया कि पीएम मोदी ही एक ऐसे अकेले इंसान है जो इन अवैध गतिविधियों को रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के वार्षिक उर्स के अवसर पर पीएम मोदी ने श्रद्धांजलि अर्पित की थी। इसके जरिए उन्होंने देशवासियों को शांति और सद्भाव का संदेश दिया था।

पीएम मोदी को चिट्ठी लिखने वाले नौकरशाहों और राजनयिकों में दिल्ली के पूर्व उपराज्यपाल नजीब जंग, यूनाइटेड किंगडम में भारत के पूर्व उच्चायुक्त शिव मुखर्जी, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी, सेना के पूर्व उप-प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जमीरुद्दीन शाह और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर रवि वीरा गुप्ता शामिल हैं। उन्होंने चिट्ठी में कहा, पूजा स्थल अधिनियम के स्पष्ट प्रावधानों के बावजूद अदालतें अनुचित मांगों पर जल्दबाजी के साथ प्रतिक्रिया देती हैं। बता दें कि हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने अजमेर शरीफ को महादेव का मंदिर बताते हुए अदालत में याचिका दाखिल की थी। अदालत ने इस मामले को सुनवाई के योग्य मानते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से इस दरगाह पर चादर चढ़ाई जाती है। पीएम मोदी को चिट्ठी लिखने वाले समूह ने कहा, "विशिष्ट पूजा स्थलों पर वैचारिक हमला हमारी सभ्यतागत वि